RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक »223
टोंक » रविवार » 17 मार्च, 2024
पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

दैनिक
# खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और
मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

### कर्नाटक के कलबुर्गी में पीएम मोदी की चुनावी रैली बोले-

## कांग्रेस कितने भी कपड़े बदले, लेकिन उसकी करतूतें नहीं बदलतीं: नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के कलबुर्गी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो चाहे कितने भी कपड़े बदल ले, उसकी करतूतें नहीं बदलती। इसलिए कर्नाटक में जनता जाग चुकी है और गुस्से से लाल है। इतने कम समय में ही जनता का मोहभंग हो जाना दिखाता है कि लोगों को कांग्रेस की सच्चाई का पता चल गया है। इससे पहले पीएम मोदी ने तेलंगाना के नगरकुर्नूल में रैली की। पीएम ने यहां लोगों से कहा कि चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले जनता ने नतीजों का ऐलान कर दिया है। देश ने घोषणा कर दी है कि अबकी बार 400 पार।

### कर्नाटक कह रहा है अबकी बार 400 पार

कर्नाटक ने लोकसभा के चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड सीटों पर जिताने का संकल्प ले लिया है। आज पूरा कर्नाटक कह रहा है - अबकी बार 400 पार। कलबुर्गी का ये जनसैलाब और आप सबके चेहरों का ये उत्साह, कर्नाटक ने लोकसभा के चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड सीटों पर जिताने का संकल्प ले लिया है। अभी तो चुनाव की घोषणा होनी बाकी है और आपने पहले ही घोषणा कर दी। आज पूरा कर्नाटक कह रहा है अबकी बार 400 पार।



### कर्नाटक को कांग्रेस ने एटीएम बना लिया है: मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि एक बार कोयले से कालिख दूर हो सकती है, लेकिन कांग्रेस से करप्शन दूर नहीं हो सकता। इन परिवारवादियों के लिए भ्रष्टाचार ही ऑक्सीजन है। बिना भ्रष्टाचार के ये लोग सियासत में सांस भी नहीं ले सकते। कर्नाटक को कांग्रेस ने अपना परिवार एटीएम बना लिया है। पार्टी और परिवार के खर्चे पूरे करने के लिए कर्नाटक की जनता की कमाई यहां से सप्लाई की जा रही है।

### स्कॉलरशिप में कटौती कर रहे

ये लोग युवाओं से बड़े-बड़े वादे करके सरकार में बैठ गए, लेकिन आज ये उन्हीं युवाओं की स्कॉलरशिप रोक रहे हैं। स्कॉलरशिप में कटौती कर रहे हैं। ये कांग्रेस ही है जो नौजवानों का हक मारने का पाप कर रही है। कांग्रेस की लूट का हाल ये है कि छोटे-छोटे विकास कार्यों के लिए भी सरकार के पास पैसे ही नहीं है। क्या कोई सरकार ऐसे चल सकती है क्या?

### भारत लोकतंत्र की जननी है

जब हम कहते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है तो पूरी दुनिया उसे स्वीकार करती है। दुनिया को कोई एतराज नहीं है, लेकिन जब ये बात कांग्रेस वाले सुनते हैं तो सुनते ही उनके पेट में दर्द होना शुरू हो जाता है। ये लोग दुनिया भर में जाकर हमारे देश को, हमारे लोकतंत्र को, हमारी महान परंपराओं को बदनाम करते हैं।

## रिकॉर्ड वोटो से जीतेंगे लोकसभा चुनाव: भजनलाल शर्मा

### राजेंद्र राठौड़ ने कहा- पार्टी तय करेगी योद्धा बनाना है, या दरी बिछाने वाला कार्यकर्ता

खबरों की दुनिया



जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही भारतीय जनता पार्टी चुनावी मोड में आ गई है। प्रत्याशियों के ऐलान से पहले ही अब पार्टी ने 25 लोकसभा सीटों पर जीत की रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर शनिवार शाम को भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया मौजूद रहे। बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी 2014 और 2019 के पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी 25 की 25 लोकसभा सीटें जीतेंगे। लेकिन जीत का अंतर पिछले चुनाव के मुकाबले काफी ज्यादा रहेगा। क्यों कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार आम जनता की उम्मीद को लगातार पूरा कर रही है। जो वादे कर हम सत्ता में आए थे। पहले दिन से ही वह पूरे होने लगे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता साल के 365 दिन महीने के 30 दिन और दिन के 24 घंटे भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करते हैं। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता पिछले लंबे वक्त से मंडल बूथ और शक्ति केंद्र तक मजबूती के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में मुझे पूरी उम्मीद ही नहीं बल्कि, विश्वास है कि इस बार देश में ऐतिहासिक बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

वहीं लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि मैं अब भी पार्टी के लिए चुनावी मैदान में ही हूं। प्रत्याशियों के चयन के लिए पार्टी की एक प्रक्रिया है। उसके तहत ही पार्टी लोकसभा प्रत्याशियों का चयन करती है। जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। इस दौरान सतीश पूनिया ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी कोई गारंटी नहीं है। उनकी गारंटी तो चीन के खिलौने की तरह है। जो कभी भी बिखर सकते हैं। अब तो देश की जनता ने उनके परिवार को सिरे से जानकारी दिया है। इस दौरान लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मुझे योद्धा बनाना है, या फिर दरी बिछाने वाला कार्यकर्ता बनाना है। यह तो पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही तय करेगा। लेकिन इस बात को मैं दावे से कह सकता हूं कि भारतीय जनता पार्टी इस बार 400 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे।

## स्कूल बस ने 8 साल के बच्चे को कुचला

### परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

खबरों की दुनिया

दौसा। घर से स्कूल जा रहे आठ साल के बच्चे को शनिवार सुबह करीब 8:00 बजे एक स्कूल बस ने कुचल दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना दौसा जिले के सदर थाना इलाके के भांडारेज गांव की है। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण सड़क पर शव लेकर धरने पर बैठ गए। आक्रोशित लोगों ने बस और पुलिस वाहन में तोड़फोड़ कर दी।

दौसा के सदर थाना इंचार्ज सोहनलाल ने बताया- शुभम सैनी (8) पुत्र राकेश सैनी भांडारेज गांव के सरकारी स्कूल के पीछे स्थित नई कोठी ढाणी का रहने वाला था। शुभम सुबह 7:30 बजे भांडारेज के निजी स्कूल जाने के लिए निकला था। गांव के रोड पर स्कूल बस ने उसे चपेट में ले लिया।

## आचार संहिता लगते ही हटने लगे पोस्टर-बैनर

### योजनाओं और प्रचार-प्रसार के पोस्टर फाड़े; शिलान्यास पट्टिकाओं पर अखबार चिपकाए

खबरों की दुनिया



जयपुर। तारीखों की घोषणा होते ही राज्य में आचार संहिता भी लग चुकी है। इसी के साथ ही राजनीतिक पार्टियों से जुड़े पोस्टर और बैनर हटाने की कवायद भी शुरू हो गई। जिला प्रशासन टीमें बना कर प्रचार-प्रसार से जुड़ी सामग्री हटवाई जा रही है। इस दौरान प्रदेशभर में टीमें अपने-अपने इलाकों के कलेक्ट्रेट, बसों और सार्वजनिक संपत्तियों पर लगे पोस्टर-बैनर हटाती नजर आई। वहीं शिलान्यास पट्टिकाओं पर भी सफेद कागज और अखबार चिपका कर उन्हें ढक दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी भी पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में लगे सभी पोस्टर को हटाया जा रहा है।

## 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में कविता

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की तेलंगाना विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. कविता को 23 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया।

ईडी ने पार्टी अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को शुक्रवार को हैदराबाद में उनके आवास पर तलाशी के बाद गिरफ्तार किया था। उन्हें आज राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष पेश किया गया। एजेंसी ने 10 दिन की रिमांड माँगी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी बीआरएस नेता की ओर से और विशेष वकील ज़ोहेब हुसैन ईडी की ओर से पेश हुए। शुरुआत में, चौधरी ने यह कहते हुए ईडी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया कि कविता की गिरफ्तारी शक्ति और अधिकार का घोर दुरुपयोग है।

## राजस्थान में दो चरणों में होगा लोकसभा चुनाव



नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनावों की घोषणा कर दी। पूरे देश में सात चरणों मे मतदान कराया जायेगा। पहला चरण का मतदान 19 अप्रेल से प्रारम्भ होगा जो सातवें चरण में 1 जून को समाप्त होगा। मतगणना 4 जून को होगी। इस बार राजस्थान में लोकसभा चुनाव दो चरणों में होंगे।

**पहला चरण 19 अप्रेल को**

**गंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली - धौलपुर, दौसा, नागौर ।**

**दूसरा चरण 26 अप्रेल को**

**अजमेर, बांसवाड़ा, बाड़मेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जालौर, झालावाड़-बारां, जोधपुर, कोटा, पाली, राजसमंद, टोंक-सवाई माधोपुर, उदयपुर।**

## पार्टियों को राजीव कुमार ने दी शालीनता से चुनाव प्रचार की नसीहत

एजेंसी



नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शनिवार 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 2 घंटे ज्यादा चली प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्शन शेड्यूल बताने से पहले कई डेटा जैसे देश में वोटर्स, फर्स्ट टाइम वोटर्स बताए। चुनाव में सिक्योरिटी की बात की। साथ ही राजीव कुमार ने शायरी के माध्यम से पार्टियों को नसीहत भी दी। बशीर बद्र के शेर के जरिए उन्होंने कहा कि दुश्मनी जमकर करो, लेकिन गुंजाइश रहे...।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने ईवीएम पर उठाए गए सवालों का जवाब भी शायरी से ही दिया। उन्होंने कहा कि वफ़ा खुद से नहीं होती, ख़ता ईवीएम की कहते हो।

इस बार 543 सीटों के लिए चुनाव 7 फेज में होगा। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को और आखिरी फेज की वोटिंग 1 जून को होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। वोटिंग से लेकर नतीजे तक इसमें 46 दिन लगेंगे। बशीर बद्र के शेर से समझाया, राजनीतिक दल गुंजाइश जरूर रखें। राजीव कुमार ने कहा कि मैं राजनीतिक दलों से अपील करता हूं कि डेकोरम मेंटेन रखें। अपने भाषणों में निजी हमले ना करें। वैसे भी आजकल जल्दी-जल्दी दोस्त और जल्दी-जल्दी दुश्मन बनने की प्रक्रिया चल रही है। पार्टियां इतना गंदा न बोलें कि वो एक-दूसरे के दुश्मन बन जाएं और आगे कुछ न हो। राजीव कुमार ने बशीर बद्र का शेर पढ़ा... राजीव कुमार ने पॉलिटिकल पार्टियों को रहीम के दोहे से प्रेमभाव समझाया

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मुंह से जो भी निकलता है, वो डिजिटल तौर पर हमेशा के लिए रिकॉर्ड हो जाता है और बार-बार चलता रहता है। इसके लिए खराब शब्दों की गंदी डिजिटल यादें बनाने से बचें, क्योंकि एक बार जब लड़ाई-झगड़ा होता है तो प्रेम का धागा टूट जाता है। जब यह टूट जाता है तो मुश्किल होती है। हमें ऐसी गांठ क्यों बांधनी है। थोड़ा प्यार और मोहब्बत के साथ कैंपेनिंग करें। राजीव कुमार ने इस पर रहीम का दोहा सुनाया...।

### 2 जिला प्रमुख सहित पूर्व सांसद-विधायकों ने छोड़ी कांग्रेस

## डॉ. करण सिंह यादव सहित कई कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल

खबरों की दुनिया



जयपुर। राजस्थान में शनिवार को कांग्रेस के 18 से ज्यादा नेताओं सहित करीब 35 लोगों ने भाजपा जॉइन की। जयपुर में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सभी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई।

इनमें कांग्रेस के वर्तमान 2 जिला प्रमुख सहित पूर्व सांसद और पूर्व विधायक शामिल हैं।

अलवर के करण सिंह यादव के अलावा पूर्व विधायक परम नवदीप सिंह, पूर्व निर्दलीय विधायक सुरेश टांक, जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा, कांग्रेस से चूरू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रताप पूनिया, अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व विधायक पुखराज गर्ग सहित कई नेता भाजपा में शामिल हो गयें।

### हमें शरणार्थी न समझें, कार्यकर्ता ही मानें: यादव

शनिवार को भाजपा जॉइन करने वाले नेताओं में कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ करण सिंह यादव भी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थिति निराशाजनक है। शीर्ष नेतृत्व नशे में है। प्रदेश नेतृत्व में फैसला लेने की शक्ति नहीं है। इसलिए हमने भाजपा जॉइन की है। सभी लोग आज भगवा झंडे के लिए लालायित हैं। हम 400 पार सीट का सपना पूरा करेंगे और राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतेंगे।।



खबरों की दुनिया
एक नजर

## आत्मरक्षा शिविर संपन्न, नो बैग डे पर कार्यक्रम आयोजित



खबरों की दुनिया

**श्रीमाधोपुर।** पंडित बंशीधर शर्मा नांगलका राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय श्रीमाधोपुर में दस दिन से चल रहा गैर आवासीय आत्मरक्षा शिविर समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही नो बैक डे पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

उत्सव प्रभारी महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा 6 से 8 की बालिकाओं का दस दिवसीय गैर आवासीय रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा शिविर व नो बैग डे शनिवार को प्रधानाध्यापक अशोक तिवाड़ी मऊ की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी पिंकी कुमारी के निर्देशन में बालिकाओं द्वारा सीखे गए आत्म रक्षा के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान खेलेगा राजस्थान बड़गा राजस्थान थीम के अन्तर्गत राजस्थान के खिलाड़ियों की जानकारी दी गयी साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रार्थना स्थलीय कार्यक्रम में तम्बाकू व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गयी तथा धूम्रपान एवं नशामुक्ति के लिए सामूहिक शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर मुन्नालाल पबड़िया भुदाराम कुमावत सहित अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# गणेश भवन में भगवान राजावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

## माताओं-बहिनों ने दी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां








खबरों की दुनिया

**सीकर।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रामलीला मैदान के आगे पोलो ग्राउण्ड गुरुद्वारे के पीछे स्थित गणेश भवन में थदानी परिवार द्वारा भगवान राजावीर (विक्रमादित्य) का जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गया।

गणेश वन्दना के साथ शुरु हुए इस धार्मिक आयोजन में माताओं व बहिनों द्वारा सिंधी समाज की महिला मुखिया शीला बहन के नेतृत्व में भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें भक्तगण झूमने पर मजबूर हो गये। वहीं फाल्गुन के भजनों की धूम के साथ खाटू धाम के बाबा श्याम के भजनों ने भाव विभोर कर दिया। साथ ही भक्तों द्वारा फूलों की होली खेली गई।

वहीं थदानी परिवार के सदस्यों द्वारा भगवान राजावीर के जन्मोत्सव का केक भी काटा गया व शानदार आतिशबाजी की गई। बाबा के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। कोमल थदानी, रेखा थदानी, रजनी थदानी, वीना थदानी व रितु थदानी ने भगवान राजावीर की कथा व उनके जीवन पर प्रकाश डाला। मलकी दीदी ने भगवान गणेशजी महाराज का तथा रिद्धि सिद्धि का कार्यक्रम में आने की प्रार्थना की

देर शाम महाआरती की गई, व भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। ऐसे में व्यवस्था की कमान राकेश, अजय, हितेश निर्मल, कपिल, दिनेश, मयंक, विराट थदानी, व उनके दोस्तों ने संभाली। इस दौरान श्रीकल्याण गुरु नानक गुरुद्वारा के ग्रंथि अतर सिंह, भजन गायक समाजसेवी देवी दास केसवानी सुभाष बहड, भक्त कन्हैया लाल, कन्हैयालाल सेजवानी, ताराचंद सिंधी, श्रीचंद थदानी कमल कुमार थदानी, रामदास, अर्जुन दास थदानी, गोपाल पारीक, महेंद्र कुमार प्रेम प्रकाशी, दौलत राम भंडारी, वासुदेव, जय कुमार टेलर, कन्हैया लाल, कैलाश चंद, रतन लाल, भोजराज, राजकुमार, सच्चा नंद, मनोहर लाल थदानी, शुभम शर्मा, अशोक कुमार सिंधी, विजय कुमार सिंधी, हेमू चौहान, निहालचंद, विजय कुमार, इंद्र कुमार हीरालाल नारवानी सुरेश पारीक, सौरभ कुमावत रितिक जैन रब्बानी मिर्जा, दीपक सिंधी, राजकुमार थावानी, मोहनलाल सिंधी, राजेश सिंधी, भवानी सिंह चौहान, कालू राम सहित समस्त थदानी परिवार व सिंधी समाज के गणमान्य मौजूद थे।







## श्रीश्याम मंडल जोरहाट निशान यात्रा



खबरों की दुनिया

**सीकर।** श्रीश्याम मंडल आसाम से श्याम भक्तो ने बाबा को निशान अर्पित किये। गोसेविका ज्योति तनवानी ने बताया आसाम से श्याम भक्त रिंग्स से पैदल बाबा श्याम की पावन नगरी में चांदी के निशान के साथ नाचते गाते हुए बाबा के श्रीचरणों में पावन निशान अर्पित किए। श्याम भक्त कमल जालान, श्याम अग्रवाल, जितेंद्र सोनी, भजन गायकर विक्रांत जोशी, अमन, बंटी, संदीप मोदी, संदीप डीडवानिया, अनिल लावट, पूजा जोशी, दिपा सोनी, प्रिया सोनी एवं समस्त श्याम भक्त और श्रीश्याम मंडल आदि उपस्थित रहे।

## बंधु एजुकेशन हब एवं राजस्थान कम्प्यूटर कॉलेज के सयुंक्त तत्वाधान द्वारा रींगस से खाटू धाम पैदल यात्रा




खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** बंधु एजुकेशन हब एवं राजस्थान कम्प्यूटर कॉलेज के निदेशक राजेन्द्र भधाला, प्रधानाचार्य बंशी लाल कुड़ी सभी प्रोफेसर सोहन सिंह गढ़वाल, रीछपाल सिंह देवंदा, नरेन्द्र बिजारणिया, नारायण सिंह सिंहर्मा, शिशु पाल सामोता, सुभाष मीणा आदि ने हरवर्ष की भाति पैदल मन्नत निशान यात्रा रींगस से बाबा श्याम के दरबार मे निशान चढ़ा कर मंगल कामना की।

## बाबा जयगुरूदेव के भक्तों का सत्संग आयोजित

खबरों की दुनिया

**लक्ष्मणगढ़।** बाबा जय गुरुदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी उज्जैन के बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि मनुष्य शरीर देव दुर्लभ है जो थोड़े दिन के लिए व्यक्ति को किराए पर मिला हुआ है तथा समय पूरा होते ही यह किराए का मकान खाली करके जाना ही पड़ेगा।



यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मणि महल गार्डन में बाबा जयगुरूदेव के भक्तों का आयोजित सत्संग व दर्शन दीक्षा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को अपनी इंसानियत धर्म का पालन करते हुए अपनी नेक कमाई पर भरोसा कर शाकाहारी सदाचारी नशा मुक्ति और देशभक्त रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों का सत्संग में आना जाना छूटने से लोग वन मुखी होकर अनैतिक कार्य में लिप्त हो गए भारत की युवा शक्ति को जगा कर इनका अच्छे काम में लगाना होगा उन्होंने नशे की आदत बढ़ाने के कारण देश में अपराध प्रवृति बढ़ती ही जा रही है नशे की लत लग जाने के कारण युवा जवानी में ही बीमारियों से ग्रस्त होकर देव दुर्लभ मनुष्य शरीर का महत्व नहीं समझ पा रहे हैं इसी कलयुग में कलयुग जाएगा और सतयुग आएगा पर सतयुग आने से पहले तबाही मचेगी बहुत विनाश होगा, जय गुरुदेव नाम मुसीबत के समय में मदद करेगा, यह नाम इस युग का जगाया हुआ, परमात्मा का प्रभु का नाम है जो भी शाकाहारी सदाचारी नशा मुक्त रहकर जय गुरुदेव नाम का सुमिरन करेगा तथा समय भटके हुए लोगों को सच्चा रास्ता दिखाकर शाकाहारी सदाचारी नशा मुक्ति बनाकर देशभक्त बनाने की आवश्यकता है जिससे आने वाले खराब समय में सब की रक्षा हो जाए। भारत विश्व गुरु बनेगा पर शराब और मांस का व्यापार करके नहीं बनेगा देश में शराब और मांस की दुकान कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक बंद हो जाएगी तब भारत विश्व में परिवर्तन का कारण बनेगा भारत में महान शक्ति का जन्म हो चुका है उनकी सहायक शक्तियां भी आ चुकी है युग परिवर्तन की बेला पर यह शक्तियां अपना कार्य करेगी सत्संग में नजदीक के ग्रामीण लोग काफी संख्या में उपस्थित होकर सत्संग दर्शन और नाम दान का लाभ उठाया। सत्संग में शिव प्रसाद शर्मा भोजासर, सुरेंद्र कुमावत, प्यारेलाल नायक, इंद्राज प्रतापपुर, नेमीचंद रसीदपुरा, सीताराम प्रजापत सालासर, भंवर लाल, विद्या विश्वनाथ सीकर, आइदान सांखला जोधपुर, माखनलाल नायक राजस्थान प्रदेश सेवक, कमल कुमार खींची सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गणेश मंदिर में हुआ फागोत्सव



खबरों की दुनिया

**सीकर।** फतेहपुरी गेट स्थित गणेश के मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी पुजारी पवन कुमार के सानिध्य मे फागोत्सव का कार्यक्रम हुआ, जिसमें अनिता शर्मा ने बताया कि सीकर के सुप्रसिद्ध शुक्लेश्वर मंडल, श्रीगोपीनाथ मंडल व भजन गायिकाओं द्वारा चन्ग-डप, बांसुरी की धुन के साथ नाचते गाते होली की धमाल गाई। सभी ने फूलों की होली भी खेली, जिसमें भारी संख्या में माताएं व भाई भक्तजनों ने गणेशजी को रिझाया। अंत में सभी के गुलाल का तिलक लगाकर प्रसाद वितरन किया।

## है प्रीत जहाँ की रीत सदा, मैं गीत वहाँ के गाता हूँ भारत का रहने वाला हूँ : राज्यपाल गणेशीलाल



खबरों की दुनिया

**सीकर।** पिपराली रोड स्थित एम के मेमोरियल शिक्षण संस्थान में आज उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल माननीय गणेश लाल पधारे। संस्था के चैयरमैन महावीर ढाका ने बताया कि राज्यपाल महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा भारतीय संस्कृति विश्व में अपनी अलग पहचान लिए हुए हैं, भारत के कण-कण में मां भगवती का वास है। हम वसुदेव कुटुंबकम को साथ लेकर चलते हैं, हम खंड भारत को अखंड बनाने जा रहे हैं और हम विकसित भारत का सपना बहुत जल्द पूरा करेंगे। इस विशाल कार्यक्रम में सीकर लोकसभा सांसद स्वामी सुमेधानंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणेशीलाल गणित के प्रकांड विद्वान है, धार्मिक आस्था से सुदृढ़ व्यक्तित्व है जो कि हर दूसरे माह शेखावाटी में खाटू नरेश की धोक लगाने आते हैं और ऐसे महानुभाव व महान व्यक्तित्व देश के विकास में अहम भागीदारी निभाते हैं। शेखावाटी का सीकर प्रदेश संपूर्ण भारत में शिक्षा नगरी है जो शिक्षा के साथ संस्कारों व मूल्यों को बच्चों में विकसित करने के लिए तत्पर है। एम.के. स्कूल में संपन्न इस कार्यक्रम में इंजीनियर मनीष ढाका ने बताया कि समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष सिंगला, जिला कार्यकरिणी सदस्य सिरसा सांवरमल गुर्जर, योगिसत्यनाथ महाराज हनुमानगढ़, दयाराम पूनिया, दीपक सोनी, अनिल चतेरा, देवेंद्र, सुधीर मिश्रा, प्रियंका ढाका, संतोष शर्मा, नरेंद्र सोनी, संजू कंवर, अनीता कुमावत, संतोष जांगिड़, शुभम सोनी, बसंत दाधीच, पूजा दाधीच, बनवारी, अक्षय, प्रमोद, महेंद्र धीनवा, राजकुमार, मनोज पारीक, वीरेंद्र शर्मा, मधु कुमावत, केडी बावर, भारतपाल ढाका आदि अनेक प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने किए श्याम दर्शन

## श्याम मंदिर में दर्शन की शानदार व्यवस्था : देवस्थान मंत्री

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** कस्बे के बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले के दौरान राजस्थान सरकार के देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत शनिवार को खाटूश्यामजी पहुंचे। देवस्थान मंत्री ने बाबा श्याम के दर्शन करके प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने उनका श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। दर्शन के पश्चात मिडिया से रूबरू होते हुए मंत्री ने कहा कि श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में कमेटी से दर्शन की शानदार व्यवस्था कर रखी है।



विश्व विख्यात इस मेले में प्रत्येक दर्शनार्थी को सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के लिए मंदिर कमेटी साधुवाद की पात्र है। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि मोदी सरकार के विकास के दम पर तथा पिछले सौ दिन की प्रदेश सरकार की कार्य प्रणाली पर आने वाले चुनाव में प्रदेश की 25 की 25 सीटे जीतेंगे तथा इस बार देश में चार सौ के पार सीटें जीतकर तीसरी बार सरकार बनायेंगे। इस दौरान अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## चूरू लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी का लक्षमनगढ़ आगमन पर युवाओं ने किया स्वागत



खबरों की दुनिया

**लक्षमनगढ़।** चूरु लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कसवां के शनिवार को लक्ष्मणगढ़ आगमन पर यूथ कांग्रेस की ओर से साफ़ा पहना कर स्वागत किया। यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आकाश कुमावत के नेतृत्व मे सालासर रोड पर स्थित कुमावत ब्लांक फैक्ट्री व बिल्डिंग मैटेरियल खेड़ी ढुकिया पर आयोजित कार्यक्रम म बगडी ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमावत, यूथ कांग्रेस ज़िला महासचिव पंकज रेपसवाल, हरिराम, संदीप, धर्मपाल, हरीश, सतेन्द्र ढुकियाँ, यश, अविनाश, अमित महला, सचिन जांगिड, कृष्ण, अभिषेक मौजूद थे।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त लखदातार मेला ग्राउंड का हुआ शुभारंभ

## मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, मंत्री श्याम सिंह चौहान व कोषाध्यक्ष कालू सिंह ने किया शुभारंभ





### अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है लखदातार मैदान

खबरों की दुनिया

**खाटूश्यामजी।** कस्बे में देश के कोने कोने से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के सुगमतापूर्वक दर्शन हो सके, इसको लेकर श्रीश्याम मंदिर कमेटी ने बड़ी पहल करते हुए लखदातार मेला ग्राउंड का निर्माण करवाया है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ग्राउंड तथा 40 फीट रास्ते पर स्थित जल मंदिर का शुभारंभ शनिवार को विधि विधान के साथ श्रीश्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, मंत्री श्याम सिंह चौहान तथा कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान ने पट्टिका का अनावरण करके किया। मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक संतोष शर्मा ने बताया कि करीब चालीस करोड़ रूपए की लागत से बने ग्रांउड में एक लाख श्याम भक्तों की क्षमता रहेगी। लखदातार मेला ग्राउंड में बरसात, धूप से बचने के लिए डोम के साथ ही अनेक सुविधाएं हैं। जिसमें रोशनी, सीसीटीवी कैमरे, एलईडी, पीने का पानी, शुलभ शौचालय, भजनों व सुचना के लिए लाउडस्पीकर सहित विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाएं युक्त है। ग्राउंड के उद्घाटन के दौरान एएसपी महावीर सिंह, नरेन्द्र सिंह चौहान, सोहन सिंह चौहान, पृथ्वी सिंह चौहान, एड भानूप्रकाश सरोज, विकास स्वामी, सुरेश पारीक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह बाजोर बने सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष



खबरों की दुनिया

**सीकर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह बाजोर को सैनिक कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष (राज्य मंत्री) बनाए जाने पर सीकर शहर के जाट बाजार में आतिशबाजी करके एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का आभार व्यक्त किया गया। भाजपा मीडिया जिला सह संयोजक नरेश सैन ने बताया कि इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता बाबू सिंह बाजोर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोविंद राम सैनी, जिला महामंत्री संजय सैनी, भाजपा मीडिया संभाग सह संयोजक प्रकाश दाधीच, राजकुमार जोशी, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा पूर्व पार्षद विश्वनाथ सैनी, भाजपा जिला मंत्री जगदीश कुमावत, नेमीचंद कुमावत, रामप्रसाद मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष कविता चौधरी, सरपंच संतोष कुमार मूंड, शिवदयाल धाभाई, राम लाल सैनी, भंवर लाल जांगिड़, नवरंग खीचड़, गिरीश प्रधान, अनिल डोकवाल, डॉ बी एल रणवा, पार्षद गोपाल बडगूजर सुल्तान सिंह खीचड़, हनुमान सिंहपालवास, पवन गोड, सोनू सोनी, ओमप्रकाश जोशी, दिनदयाल सैनी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबरों की दुनिया


एक नजर

## राजकीय सम्प्रेषण गृह का जिविसेप्रा की सचिव ने किया निरीक्षण

खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ने शनिवार को जिला राजकीय सम्प्रेषण गृह टोंक का निरीक्षण। राजकीय सम्प्रेषण गृह मे स्टॉफ की स्थिति, गृह की भौतिक संरचना, बंदियों की संख्या, दस्तावेजीकरण, गृह में निवासित बंदियों के लिए अन्य व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य जांच, बालकों के साथ दुर्घटनाओं को रोकने निवारण के लिएउपयुक्त व्यवस्था, संस्था में पर्याप्त रोशनी, रोशनदान, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, खाद्य वस्तुओं व जल भंडारण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था, आपात विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था, बच्चों की काउंसलिग के लिए परामर्शदाता, मनोरंजन, कौशल शिक्षण की व्यवस्था, डाईट स्केल, आवासित बंदियों के पूरे दिवस का शिड्यूल आदि की जानकारी लेते हुए निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र जाखड़ भी मौजूद थे।

## ट्रक-बोलेरो की टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर घायल



खबरों की दुनिया

**टोंक।** जिले के अलीगढ़ पुलिस इलाके मे शनिवार को टोंक-सवाई माधोपुर हाईवे बिशनपुरा गांव के पास बोलेरो एवं ट्रक के आमने-सामने की टक्कर से बोलेरो सवार दो जनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। अलीगढ़ पुलिस ने बोलेरो में फंसे हुए मृतकों को ग्रामीणों की सहायता से बाहर निकलवा कर अलीगढ़ मोर्चरी में पहुंचाया। एवं घायल को अलीगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया है।

पचाला चौकी प्रभारी रामहाय गुर्जर ने बताया कि बिशनपुरा गांव के पास टोंक सवाई माधोपुर हाईवे पर बोलेरो में सवाई माधोपुर इंदिरा कॉलोनी निवासी पवन, महावीर एवं गुरुशरण सवाई माधोपुर के लिए जा रहे थे इसी दौरान सामने से आरहे ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दी जिससे बोलेरो में सवार दो जनों की मौके पर ही मौत हो गई। एवं बोलेरो टक्कर इतनी जोरदार थी की बोलेरो पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही अलीगढ़ थाना एएसआई शंभू दयाल सिंह, हैंड कांस्टेबल मूलचंद मीना, सत्यप्रकाश मय दल बल के मौके पर पहूचे तथा ग्रामीणों की सहायता से बोलेरो में फंसे दोनों को बाहर निकलवा कर अलीगढ़ मोर्चरी में पहुंचा कर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने के अलीगढ़ थाना परिसर एवं सामुदायिक केंद्र, एवं मोर्चरी में परिजनों का कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों का हाल देख कर हर किसी की आंखें आंसुओं से भर आई। अलीगढ़ थाना पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किए गए। टक्कर मारकर फरार हुए ट्रक चालक एवं ट्रक की पुलिस तलाश कर रही है।

## टोंक सवाई माधोपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश मीणा का किया स्वागत



खबरों की दुनिया

**निवाई।** टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश मीणा का जयपुर कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक यूनियन पर पूर्व विधायक कमल बैरवा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ट्रक यूनियन कार्यालय पर राजस्थानी परंपरा के अनुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी मीणा ने कहा कि कांग्रेस एकजुट है एक जाजम पर है। कांग्रेस छोड़कर वह लोग जा रहे हैं जिन नेताओं को कांग्रेस ने 70 साल में बहुत कुछ दिया है। वह पद पाने के लिए मुश्किल समय में कांग्रेस को छोड़कर बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की तानाशाही सरकार ने सभी नेताओं के इडी की दहशत फैला कर तानाशाही शासन चला रखा है। जनता अब इसका जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में देंगे। उन्होंने कहा कि हम केंद्र में मजबूती के साथ कांग्रेस का शासन लेकर आएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार प्रसार करने का अह्वान किया। पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तभी यह तानाशाही राज खत्म होगा। इस दौरान ट्रक यूनियन अध्यक्ष भंवरलाल यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामराय मीणा, श्रीराम चौधरी, नसीर कुरैशी, भागचन्द बैरवा, पप्पू मीणा, प्रभु चौधरी, बनवारीलाल मीणा, राजाराम मीणा, दिनेश गिंदोडी, जमील अहमद कुरेशी व छोटू यादव सहित दर्जनभर कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महंगाई, भष्ट्राचार, अन्याय व बेरोजगारी होंगे चुनावी मुददे : हरिश मीणा

### -वक्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चन्द्र मीणा को फोटो खिंचवाने व मीस गाइड करने वालों से सावधान रहने तक की दी नसीहत




खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा चुनाव में टोंक-सवाईमाधोपुर से कांग्रेस प्रत्याशी एवं देवली-उनियारा विधायक हरीश चंद्र मीणा का जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया साथ ही जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की अध्यक्षता मे कांग्रेस की जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने सीधे-सीधे शब्दों में कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चन्द्र मीणा को फोटो खिंचवाने वालों व मीस गाइड करने वालों से सावधान रहने तक की नसीहत दे डाली। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा ने कहा कि वह लोकसभा चुनाव हर गांव, ढाणी में कांग्रेस के समर्पित,अनुभवी कार्यकर्ताओ के भरोसे लड़ेंगे साथ ही मीणा ने कहा कि राजस्थान की 12 सीटें कम से कम कांग्रेस जीतेगी इतना ही नहीं उन्होंने साफ शब्दों मे कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी खुद ही चुनाव हारेंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चन्द्र मीणा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस सबसे बड़ी पुरानी पार्टी है जिसका कार्यकर्ता गांव-गांव तक फेला हुआ है।

उन्होंने कहा कि महंगाई, भष्ट्राचार, बेरोजगारी व अन्याय के खिलाफ जनता के बीच जाकर जनता का आशीर्वाद व समर्थन मांगेंगे, मुझे पूरा विश्वास है कि न सिर्फ टोंक-सवाई माधोपुर का बल्कि राजस्थान की जनता का कांग्रेस को आशीर्वाद मिलेगा।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चुनाव आते ही भाजपा मोदी की नई-नई गारंटियां शुरू हो जाती है, उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में हर व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रुपए डाले जाने, हर साल दो करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिए जाने की गारंटी दी थी लेकिन आज तक पूरी नहीं हुई यदि 2 करोड़ युवाओं को नौकरी मिल जाती तो आज देश से बेरोजगारी दूर हो जाती।

मीणा ने कहा कि भाजपा सिर्फ झूंठ बोलती है यही करण है कि कांग्रेस चुनाव हारती है क्योंकि कांग्रेस झूंठ व बेईमानी का मुकाबला नहीं कर पाती।

मीणा ने कहा कि यह जनता अच्छी तरह जानती है, कौन झूंठा है तथा किसने जनता को लूटा है।

चुनावी चंदे का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसके निर्णय से काला धन किसके पास है यह हकीकत सामने आ गई। इतना ही नही उन्होंने नोटबंदी को भी भाजपा के काले धन से जोडते हुए भाजपा को कोसा।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की हुई मौत

खबरों की दुनिया

**निवाई।** जयपुर सवाई माधोपुर रेलवे ट्रैक पर शनिवार सुबह करीब 10:50 बजे जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार जयपुर सवाईमाधोपुर रेलवे ट्रेक पर फाटक संख्या 45-46 के बीच शनिवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे एक वृद्ध की रेल की चपेट में आने से मौत हो गई। गाडी संख्या 12181 जबलपुर एक्सप्रेस के चालक ने उसे ट्रेन की चपेट में आते देख लिया था। उसने गाडी को रोककर रेलवे गार्ड की सहायता से शव को रेल के डिब्बे में रखकर चनानी रेलवे स्टेशन पर सौंपकर घटना की जानकारी दी। परिजनों के यहां पहुंचने पर शव की शिनाख्त जगदीश पुत्र रामपाल गुर्जर उम्र 66 वर्ष निवासी विजयपुरा थाना सदर निवाई के रूप में हुई। सदर थाना पुलिस को सूचना मिलने पर चनानी स्टेशन से शव अपने कब्जे में लिया और राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में लाकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी में आया है कि मृतक अविवाहित और मानसिक रोगी था।

## किसानों एवं प्रशासन की वार्ता के पश्चात सात दिन बाद किसानों का पड़ाव समाप्त

### मालियों की झौपड़ियां ग्राम में सात दिन रहा किसानों का पड़ाव

खबरों की दुनिया



**टोंक।** बनेठा क्षेत्र की मालियो की झौपडियां गांव में मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर दिया जा रहा ईसरदा बांध डूब क्षेत्र के किसानो का पड़ाव एक सप्ताह बाद जिला प्रशासन, विभागीय अधिकारियों एवं किसानों के मध्य वार्ता के बाद आपसी सहमति बनने पर शुक्रवार रात को समाप्त हो गया। किसान महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि ईसरदा बांध डूब क्षेत्र के किसानों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य शुक्रवार को वार्ता हुई। इस दौरान एडीएम पुनर्वासन हरिताभ आदित्य, ईसरदा बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता जितेंद्र लुहाडिया, नायब तहसीलदार हंसराज मीणा बनेठा थाना प्रभारी रामगिलाश गुर्जर सहित ईसरदा बांध निर्माण संवेदक प्रतिनिधि शुक्रवार को पड़ाव स्थल पर पहुंचे व उपस्थित ईसरदा बांध डूब क्षेत्र के किसानों से वार्ता मे आपसी सहमति बनाई। जिसके बाद जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद शुक्रवार रात को पड़ाव समाप्त कर दिया गया जिससे बाद किसानों का एक सप्ताह से चला आ रहा धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। गौरतलब है कि ईसरदा बांध डूब क्षेत्र के किसान अपनी जमीन का सिंचित संशोधित दर से मुआवजा लेने, सर्वे दुबारा करवाए जाने, नवीन दर से मुआवजा दिए बिना खेतो से मिट्टी नही उठाए जाने, डीएलसी दर से मुआवजा एवं सिंचित भूमि, प्रत्येक सदस्य को प्रतिभूत राशि, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन मूल-भूत सुविधाओं युक्त सम्पूर्ण मुआवजा एक किस्त में दिया जाने सहित अन्य मांगों को लेकर पिछले शुक्रवार से धरने पर बैठे हुए थे। जिला प्रशासन द्वारा किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट डूब क्षेत्र अध्यक्ष जमना लाल माली तथा बीसलपुर डूब क्षेत्र प्रतिनिधि भरत राज मीणा, राष्ट्रीय महा सचिव अकबर खान युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी प्रचार मंत्री राधेश्याम उपाध्यक्ष छीतर डारडा हिंद की मौजूदगी में जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। वार्ता के बाद किसानों ने डूब क्षेत्र में मालियों की झौपड़ियां के पास चल रहे सातवें दिन पड़ाव समाप्त हो गया है।

## सांची-सांची कह दे बाबा म्हं थारी कोण लांगू : सुनिता बडागांव

### फागोत्सव में झूमे श्रद्धालु

खबरों की दुनिया



**निवाई।** इन्दिरा विस्तार कॉलोनी में फागोत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर फूलों की होली खेली व श्याम बाबा के भजनों पर ठुमके लगाए। इस दौरान बाबा श्याम की फूलों से आकर्षक झांकी सजाई गई। भजन संध्या का शुभांरभ गायिका सुनिता बडागांव ने गणेश वंदना के साथ किया। गायिका सुनिता बडागांव ने सांची-सांची कह दे बाबा म्ह थारी कोण लांगू, नैणा नीचा कर ल श्याम न रिझावली कांई सहित कई भजन प्रस्तुत किए।

गायक कलाकार सत्यनारायण गोयल ने श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में, गायक राजकुमार शर्मा ने कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभुजी चले आना, अरी सखी मंगल गाओजी, गायक बालकिशन शर्मा ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, सालासर वाले बाबा वीर हनुमाना, देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ, बालाजी का लाड लडाव माता अंजना व छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस दौरान बाबा श्याम बाबा की महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण व राधाजी की सजीव झांकी सजाकर श्रद्धालुओं ने फूलो की होली खेलकर फागोत्सव धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर आयोजक समिति के पूर्व पार्षद बालकिशन शर्मा, लक्ष्मीचंद शर्मा, रामकिशन बहादुरपुरा, मुकेश अग्रवाल मित्रपुरा, गिरधारीलाल जैन पहाडी, नरेश बडागांव, पवन जैन, रमेश वैष्णव, सोभाग बहड, रुचि जैन, प्राची जैन व मिचु शर्मा सहित कई कॉलोनीवासी श्रद्धालु मौजूद थे।

## टोंक जिले के 981 परीक्षा केन्द्रो पर नव साक्षर देगें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा

खबरों की दुनिया

**टोंक।** नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता टेस्ट 17 मार्च को सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक राजकीय विद्यालयों पर होगा, जिसमें उल्लास एप पर पंजीकृत 15 हजार नव-साक्षर जिले के 981 परीक्षा केन्द्र जो राजकीय विद्यालयों में स्थापित किये गये है, उन पर उपस्थित होकर परीक्षा देगें। परीक्षा समयावधि दो घन्टे रहेगी। सीडीओ एवं नोडल अधिकारी पन्नालाल बैरवा ने बताया कि नव-साक्षर अपनी सुविधानुसार पंजीकृत विद्यालय के परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर इस अवधि के मध्य में कभी भी परीक्षा में बैठ सकता है। परीक्षा की आमुखीकरण के लिए लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि परीक्षा केन्द्रो पर प्रश्न पत्र वितरण किया गया है एवं केन्द्रधीक्षक व वीक्षकों की नियुक्ति एवं स्वयंसेवको को परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहने हेतु पाबन्द किया है। परीक्षा ऑफलाईन होगी, जिसमें उत्तीर्ण होने के लिए 33 प्रतिशत फीसदी अंक लाना आवश्यक होगा। सीडीओ ने सभी सीबीईओं, पीईईओ, यूसीईओ एवं साक्षरता प्रभरीयों को पाबन्द किया है कि परीक्षा के सफल संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये गये, कि परीक्षा में पूर्ण मनोयोग से भागीदारी निभाते हुए परीक्षा कार्यक्रम को सफल बनावें। इस बैठक में ब्लॉक समन्वयक रशीद नकवी, भगवान सिंह कुमावत, हनुमान प्रसाद यादव, मो. अजीमुद्दीन, मो. जाहिद नकवी, सत्यनारायण पारीक, सोमाराम बैरवा, सहायक परियोजना अधिकारी, रामनिवास धायल, वरिष्ठ सहायक आबेदा कैफी एवं लीना सैन मौजूद थे।

## विद्युत बिलों की बकाया वसूली को लेकर एक्सईएन ने अभियंताओं की ली बैठक

खबरों की दुनिया



**निवाई।** मार्च माह में बकाया वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु शनिवार को विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय में अधिशाषी अभियंता एनके खींची ने क्षेत्रीय कनिष्ठ अभियंताओं, फीडर इंचार्ज, अभियांत्रिकी पर्यवेक्षक सहित संबंधित राजस्व कार्मिकों की पंचायत समिति के सभागार में बैठक ली।

सहायक अभियंता केसी माली ने बताया कि बैठक में अधिशाषी अभियंता एनके खींची ने वसूली से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अधिशाषी अभियंता खींची ने अब तक की गई बकाया वसूली की समीक्षा की। सभी अभियंताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में बकाया विद्युत बिल, वीसीआर एवं पीडीसी पर विशेष चर्चा की एवं अब तक की प्रगति रिपोर्ट पेश की। बैठक के दौरान अधिशाषी अभियंता खींची ने 31 मार्च तक सभी बकाया वसूली पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक अभियंता कैलाश चंद माली, धनराज टाटावत, एओ एनके जैन, एआरओ, सभी फीडर इंचार्ज सहित सभी कनिष्क में अभियंता मौजूद थे।

## चंद्रप्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव, 11 किलो का लड्डू चढ़ाया

खबरों की दुनिया

**टोंक।** श्रीचंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर तेरापंथीयान माणक चौक पुरानी टोंक में दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में फाल्गुन शुक्ल सप्तमी को जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक दिवस शनिवार को मनाया गया। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि चंद्रप्रभु मंदिर में प्रातः बेला में शांतिधारा के पश्चात नित्य नियम, भगवान चंद्रप्रभु, णमोकार, नव-देवता, 24 तीर्थंकर की पूजा की गई, जी सी एम म्यूजिकल ग्रुप की सुमधुर स्वर लहरियों के साथ प्रातः चंद्र प्रभु भगवान की पूजा के पश्चात कनक श्रीमहिला मंडल नैतिक, महिला मंडल चंद्र प्रभु, महिला मंडल दिगंबर जैन महासमिति मुनिसुव्रत शुभकामना परिवार जैन युवा मंच आदिनाथ शुभकामना परिवार के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ निर्वाण कांड का वाचन किया गया।

चंद्र प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक को दर्शाती हुई भव्य झांकी बनाई गई एवं भगवान चंद्र प्रभु को मनीष, चेतन, कमल, शेखर, देवराज, जीतू, प्रकाश, अशोक, पारस, दीपक आदि द्वारा 11 किलो का लड्डू चढ़ाया गया। श्रद्धालुओं ने भी भगवान को श्रीफल, चावल बादाम, लोंग सहित अष्ट द्रव्य चढ़ाए। मनीष जैन सोनी ने बताया क्ति समस्त क्रियाएं पंडित दीपक शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुई। जिस दौरान पवन, सुरेंद्र, सम्भीर, सूरज, धनराज, रमेश, मनोज, प्रदीप, संतरा, इंदिरा, शालिनी, रीटा, अनीता, सुनीता एवं प्रियंका सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे। मंदिर समिति के अध्यक्ष देवराज काला मंत्री चेतन बिलासपुरिया ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ की वेदी चौबीस भगवान की वेदी जिनवाणी माता एवं सरस्वती भंडार पर भी लड्डू चढ़ाए गए। राहुल जैन ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में सरावगी समाज टोंक के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा अतिशय क्षेत्र साखना के अध्यक्ष प्रकाश सोनी राहुल जैन अतिशा पिंकी कम्मोरानी मधु प्रेमलता सुमन आशा प्रकाश पटवारी महावीर जिनेन्द्र निर्मल सहित जयपुर अजमेर कोटा इंदौर मुंबई एवं टोंक शहर के समस्त कालोनियों से सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। सरावगी समाज टोंक के अध्यक्ष रमेश छाबड़ा ने बताया कि मोक्ष कल्याणक दिवस के अवसर पर श्रीचंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया तेरापंथी, श्रीचंद्रप्रभु दिगंबर जैन नसिया श्याम बाबा, श्रीचंद्रप्रभु दिगंबर जैन चैत्यालय बाबरों का चौक में भी भक्ति भाव के साथ निर्वाण लड्डू चढ़ाए गए। शहर के सभी जिनालयों में आज के दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई।

## महापुरुषों की बायोग्राफी पढ़ प्रेरित होंगे भरथला के बच्चे



खबरों की दुनिया

**निवाई।** भरथला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई से 20 महापुरुषों की बायोग्राफी निःशुल्क मिली है। जिन्हें विद्यालय के बालक बालिकाएं पढ़ प्रेरित होंगे। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने बताया कि महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, शिवाजी, रानी लक्ष्मी बाई सहित 20 महापुरुषों की बायोग्राफी अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई से प्रेरक शिक्षक दिनकर विजयवर्गीय के माध्यम से प्राप्त हुई है। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर, व्याख्याता सीताराम मीणा, गिरिराज प्रसाद पारीक, पुस्तकालय प्रभारी मुकेशचंद्र मीणा, चांदमल सेन, अजयसिंह राजावत आदि ने बताया कि निश्चय ही यह जीवनियां सभी छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायी एवं उपयोगी साबित होगी। अंत्योदय सेवक गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने बताया कि टोंक जिले के नवाचारी विद्यालयों के पुस्तकालय को समृद्ध बनाने एवं बच्चों को महापुरुषों की बायोग्राफी पढ़ाते हुए प्रेरित करने के लिए अंत्योदय फाउंडेशनए मुम्बई संस्थाक महेंद्र मेहता ने यह पहल शुरू की है।

## छात्र-छात्राओं ने पुलिस थाने का किया विजिट




खबरों की दुनिया

**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा के छात्र-छात्राओं ने पुलिस थाना निवाई में विजिट करके कानून की जानकारियां ली और पुलिस की कार्य शैली व थाने की कार्य प्रणाली सहित यातायात के नियमों की जानकार ली है। प्रधानाचार्या मिनाक्षी गौणावत ने बताया कि विद्यालय के 20 छात्र- छात्राओं ने पुलिस थाने का का विजिट किया। विजिट को प्रधानाचार्या मिनाक्षी गौणावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।

# उम्र कितनी भी हो मगर शोहरत, बाज आती कहां है नखरे से



अशोक चतुर्वेदी
व्यंग्यकार

बरसों पहले मटका चला करता था...मटका पानी भरने वाला मटका नहीं होकर नोट भरने वाला मटका हुआ करता था...हालांकि मटके के शौक में कई खाली भी हो जाया करते थे...मटका चलाने वाले हमेशा रिस्क में रहते थे...गाहे-ब-गाहे थाना देखना पड़ता था...साहब की सेवा-पूजा करनी पड़ती थी...इस पर अगर शहर कोतवाल कोई नया आ जाए तो समझो बिजली गिरी ही गिरी...सारा खेल लक्ष्मी का था... तो शहर के लालजी सांड के रास्ते में एक मटका किंग हुआ करते थे...बड़ा कारोबार फैला रखा था...शहर के बड़े अड्डे हल्दियों के रास्ते तक धमक थी...जब कभी नया शहर कोतवाल आता और मटका चलाने वालों की धरपकड़ होती तो सारे मटका चलाने वाले मटका किंग के पास ही दौड़ कर आते थे...जनाब सबको इकट्ठा कर शहर कोतवाल के दरबार में ले जाता...जाने क्या गोटी बिठाता...अगले दिन से ही फिर मटका चल निकलता...एक बार किसी ने मटका किंग से पूछ लिया कि आखिर वे कौनसा मंत्र पढ़ते हैं कि शहर कोतवाल कोई आए...गोटी फिट हो जाती है...जवाब लाजवाब था...किंग बोला-कोई गोटी फिट करने की जरूरत नहीं होती...असल में नया-नया कोतवाल दबिश इसलिए देता है कि सबको पता चल जाए कि वह आ गया है....दूसरे मांडवली की रकम फिर से तय होती है...हमेशा से ही ऐसे पलों के बाद हफ्ता बढ़ाना पड़ता है...कई बार आमद नहीं होने के बाद भी रकम पहुंचानी पड़ती....अब जमाना बदल गया है...इतना बदल गया है चुनावी बांड के खुलासे के बाद पता चला...गजब के किस्से निकल कर आ रहे हैं...सुना है ऐसी-ऐसी फर्मे हैं जिनका मुनाफा दो करोड़ भी नहीं... लेकिन चंदा दे रही हैं दो सौ करोड़ का...इसी तरह कभी जिन कारोबारियों ने चंदा देने से मना किया...वे भी बड़ी रकम दे रहे हैं... कहा जा रहा है कि जांच एजेंसियों की मार के बाद ये कारोबारी ऐसा करने को मजबूर हैं...कहानी सुन मटका किंग की याद आ गई...यहां शहर कोतवाल का डंडा चलता था...वहां ईडी-सीबीआई जैसी संस्थाएं हैं कोतवाल की भूमिका




में हैं...जैसे ही ऊपर से इशारा होता है... इनका डंडा चल जाता है ...करोड़ों रुपए पार्टी फंड में पहुंच जाते हैं...उम्मीद है यह बताने की जरूरत नहीं कि यहां मटका किंग कौन है? तो सब कुछ धड़ल्ले से चल रहा था..शायद ही कभी इतनी भर भी जानकारी जनसाधारण को मिलती...भला हो सुप्रीम अदालत का...जिसने डंडा घुमाया तो बैंक ने मुंह खोला...इनकी भी अपनी मजबूरियां हैं...आकाओं से पंगा ले कौन...तो इन्होंने उतनी ही जानकारी दी जिससे पत्ते नहीं खुल पाएं...यह अलग बात है कि शीर्ष अदालत इससे संतुष्ट नजर नहीं आई और यूनिक नंबर जाहिर करने का आदेश दे दिया... फिलहाल तारीख पर सुनवाई होनी है...लेकिन तय माना जा रहा है कि यूनिक नंबरों का खुलासा करना ही पड़ेगा...बड़ी बात जो अंदर तक हिला गई वह यह कि चुनावी बांड ने बड़े ईमानदार को बेनकाब कर दिया है...ये भला कुछ भी कहें...देश के नाम चिट्ठी लिखें...स्कीम-स्कैम में फर्क बताएं...गारंटी-गारंटी खेलें..कड़ियां बताती हैं कि दस सालों में भ्रष्टाचार तो खत्म नहीं हुआ...तरीका बदल गया है...अर्थात हमाम में सभी नंगे हैं...कोई कितना ही दावा करे...हम फकीर कहने पर फकीर मान लें...किंतु कभी-कभी चौकीदार का मन भी डोल जाता है...इसमें कोई शक नहीं...झोले की अब बात नहीं होती, तब इसलिए होती थी कि झोला खाली था...लेकिन अब झोला उठा कर चलने की बात नहीं होती...सही भी है...अकूत दौलत झोले में ले जाना संभव नहीं...तो सूट-बूट से भले ही खादी पर आ गए हों...कपड़े की क्रीज और चेहरे की चमक बताती है कि जेबें भरी हुई हैं...शर्म आती है आम अवाम पर जो तेल में दो रुपए की रियायत पर इतना प्रफुल्लित हो जाता है गोया कुबेर का खजाना मिल गया हो...चुनाव आ रहे हैं...ऐसी जकातें और बटेगीं...कहीं वादों की बरसात होगी...कहीं गारंटी का दंभ होगा...फिर एक दिन शोर थम जाएगा...राजा की ताजपोशी हो जाएगी...और मत वाले फिर रुपए-दो रुपए के लिए दिल्ली की तरफ देखने लगेंगे..दिल्ली अहसान दिखाएगी 80 करोड़ लोगों को राशन दे रहे हैं...मानो घर से लाए हों...तो तैयार रहें...स्कीम और स्कैम में फर्क करें..खूंटो से निकल कर बाहर आएं...वरना अगली बार ये चांद पर और हम जमीन पर होंगे...अब भी बात समझ नहीं आई हो तो खुदा खैर करे!

> किसी जमाने में मटके का जोर था...हर्षद मेहता सूटकेस ले आए...फिर स्विस बैंक चर्चा में रहा..बोफोर्स में दलाली से होते हुए मुद्दा चरम पर पहुंचा..इस बीच निजाम भी बदला लेकिन सूरत नहीं बदली...फिर एक हवा चली...लोगों को लगा शायद चमत्कार हो...लगने भी लगा शायद चमत्कार हो रहा है...इस बीच इलेक्टोरल बांड आ गया...पत्ते खुले तो बड़े ईमानदार बेनकाब हो गए...अब अवाम असमंजस में है किसे स्कीम समझे...किसे स्कैम..खुदा खैर करे!

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# कश्मीर में अमन से गुलजार होता गोवा



आर. के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्यसभा

अब गोवा के करीब आता जा रहा है कश्मीर। हो सकता है कि यह बात अविश्सनीय लगे, पर सच तो यही है। कश्मीर घाटी से हजारों लोगों का गोवा घूमने के लिए जाना बताता है, कि दोनों राज्य करीब आ रहे हैं। ये दोनों राज्य ना केवल भारत बल्कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में शामिल हैं। गोवा वासी तो लंबे समय से छुट्टियां बिताने कश्मीर जाते ही रहे हैं, लेकिन कुछ साल पहले तक कश्मीरियों के लिए ऐसा सपने में भी नहीं सोचा जा सकता था। हालांकि, हालात अब तेजी से बदल रहे हैं और घाटी के लोग बड़ी तादाद में छुट्टियां बिताने गोवा जा रहे हैं। दिल्ली-गोवा फ्लाइट में सफर करने वाले इसे आसानी से समझ सकते हैं। अगर आपने हाल के दौर में कभी राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गोवा का सफर किया है तो आपने कश्मीरियों को सपरिवार गोवा जाते देखा ही होगा। इससे इस बात की पुष्टि भी होती है कि कभी अशांत रहे कश्मीर की फिजा अब तेजी से बदल रही है। श्रीनगर की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी था कि अब कश्मीर आर्थिक रूप से बदल रहा है।

कश्मीर के लोगों ने जिस गर्मजोशी से उनका स्वागत किया, कुछ साल पहले तक यह अकल्पनीय था। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी मैदान में आयोजित रैली में कहा, "मैं आपका दिल जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं।" कश्मीरियों के छुट्टियां मनाने गोवा जाने के पीछे बड़ी वजह कश्मीर घाटी में शांति और स्थिरता भी है। चूंकि श्रीनगर से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए कश्मीरियों को पहले दिल्ली जाना पड़ता है। दिल्ली से वो गोवा के लिए फ्लाइट पकड़ते हैं। जब कश्मीर में हाड़ कंपाने वाली ठंडी पड़ती है, तो वो गोवा का रूख करने लगे हैं। आप कह सकते हैं कि कश्मीरियों को गोवा घूमने और रहने के हिसाब से नवंबर से जनवरी तक का महीना मुफीद लगता है।

अन्य पर्यटकों की तरह ही कश्मीरियों को भी गोवा का खुशनुमा और समावेशी समाज आकर्षित करता है। गोवा के कलंगुट, बागा, अंजुना और कैडोलिम सरीखे प्रसिद्ध समुद्र तटों पर कश्मीरियों की भीड़ को आसानी से देखा जा सकता है। यदि आप गोवा में कश्मीरी पर्यटकों से बात करेंगे तो वे निश्चित रूप से आपको दो बातें बताएंगे। पहला, वे घाटी की लंबे समय की अशांति से थके हुए थे। अब जैसे-जैसे उनके राज्य में चीजें बेहतर होती जा रही हैं, वे विकास के साथ-साथ शांति का भी अनुभव कर रहे हैं। वे गोवा को आराम करने के लिहाज से एक बेहतर जगह मानते हैं।

दूसरा, कश्मीरी पर्यटक गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की जमकर तारीफ करते मिलेंगे। कश्मीरियों का कहना है कि गोवा सरकार के गंभीर प्रयासों से पर्यटकों के हितों का ख्याल रखा जा रहा है। सरकार की कार्यनीति के कारण गोवा आने वाले पर्यटक अपने को सुरक्षित महसूस करते हैं। यह गोवा सरकार की बहुत बड़ी प्रशंसा है।

गोवा सरकार अब क्वालिटी टूरिस्ट्स यानी ज्यादा से ज्यादा खर्च करने वाल पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है। गोवा के ऊर्जावान मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हाल ही में कहा भी था कि उनकी सरकार गोवा में क्वॉलिटी टूरिस्ट को आकर्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है। ऐसे पर्यटकों से होटल मालिकों से लेकर टैक्सी आपरेटरों तक सबका लाभ होगा। उन्होंने कहा, ÷अगर हम क्वॉलिटी टूरिस्ट चाहते हैं तो हमें सुविधाएं भी वैसी ही प्रदान करनी होंगी। गोवा में वैसे तो पूरे साल भर पर्यटक आते ही रहते हैं, लेकिन, अक्टूबर के पहले सप्ताह से पर्यटकों की जो संख्या बढ़ती है वो क्रिसमस, नववर्ष तक पीक पर पहुंच जाती है। पर्यटकों का आना मई महीने तक लगातार जारी रहता है। गोवा में हर साल लगभग 80 लाख पर्यटक आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या विदेशी सैलानियों की भी होती है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि गोवा की विकास यात्रा में बीता साल यानी 2023 बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। क्योंकि तब जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत गोवा में कई अहम बैठकें हुई। यही नहीं गोवा ने पर्यटन पर केंद्रित जी-20 के मंत्रियों के एक अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम की भी मेजबानी की थी। जिसने पर्यटन सेक्टर के एक मंजे हुए खिलाड़ी के रूप में गोवा को ख्याति दिलाई। यह आयोजन वैश्विक आर्थिक मामलों के बारे में चर्चा में शामिल होने वाले अंतरराष्ट्रीय नेताओं और नीति निर्माताओं के एकीकरण का प्रतीक बना। इस आयोजन ने न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता बल्कि वैश्विक पर्यटन को आकार देने में इसकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। यह खरी बात है कि भारत की अध्यक्षता में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन का गोवा के पर्यटन पर सकारात्मक प्रभाव तो पड़ा ही। यह पिछले दो वर्षों में गोवा में विदेशी पर्यटकों की बढ़ोत्तरी के रूप में देखा जा सकता है। असल में, जी20 शिखर सम्मेलन के बाद कई एयरलाइंस अब गोवा के लिए सीधी उड़ानों को शुरू करने पर विचार कर रही हैं। एक बार प्रसिद्ध क्रिकेट लेखक और कमेंटेटर स्वर्गीय टोनी कोजियर ने सही ही कहा था कि गोवा के लुभावने समुद्र तट और यहां का जीवन किसी को भी आकर्षित कर सकता है। अपने देश में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड और बर्फीले वातावरण से इतर गोवा का खुला आसमान और तेज धूप की वजह से ही यहां बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी आते हैं। गोवा आकर समुद्र तट के किनारे धूप सेंकना विदेशी सैलानियों को पसंद है। यह उनकी अत्यधिक दूधिया त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। समुद्र तट के किनारे स्वादिष्ट नारियल पानी, मधुर संगीत और लाजवाब समुद्री भोजन की सुगंध पर्यटकों को खींच लाती है। ये लोग समुद्र तटों के पास घूमते हैं, सड़कों पर खरीदारी करते और खाना खाते हैं। उन्हें बहुत कम महंगी जगहों या फास्ट फूड दुकानों में झुंड के झुंड में जाते हुए देखा जा सकता है। उन्हें गोवा की खूबसूरती का आनंद उठाना पसंद है।

भारत के अन्य राज्यों के मुकाबले गोवा आसानी पहुंचा भी जा सकता है। परिवहन सुविधाओं की सुगमता के कारण भी विदेशी पर्यटक गोवा में अधिक समय गुजारते हैं, इसे पसंद करते हैं।

विदेशी सैलानियों की तरह ही हमारे अपने कश्मीरियों को भी यहां की चमकदार धूप पसंद है। जब उनका अपना कश्मीर सर्दियों में अत्यधिक ठंडा रहता है तो उन्हें सचमुच गोवा में राहत मिलती है। इसलिए, वे अब बार-बार गोवा आना पसंद करने लगे हैं।

रूसी पर्यटक भी हर साल बड़ी संख्या में गोवा आते हैं। गोवा में जिस समय गर्मी पड़ती है, रूस में उस समय कड़ाके की सर्दी होती है। इस वजह से भी रूसी यहां आराम करने आते हैं। अब आपको गोवा में रूसी भाषा में बहुत सारे साइनबोर्ड, रेस्तरां और स्टोर के नाम लिखे मिल जाएंगे। इससे उनके लिए घूमना-फिरना आसान हो जाता है। कुल मिलाकर बात यह है कि अगर गोवा में सारे भारत से पर्यटक आते हैं, तो इसका श्रेय गोवा सरकार को भी देना होगा, जिसने अपने राज्य को पर्यटकों का स्वर्ग बना दिया है। गोवा के मॉडल पर अन्य राज्यों को चलकर देश के पर्यटन क्षेत्र को मजबूती देनी होगी। यह बात हमेशा याद रखी जानी चाहिए कि किसी भी प्रदेश या देश की खुशहाली का रास्ता पर्यटन सेक्टर से ही होकर गुजरता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं)**

# मैं हूं मोदी का परिवार नारा विपक्ष के लिए पड़ सकता है भारी

**अवधेश कुमार**

मैं हूं मोदी का परिवार टैगलाइन 2024 के चुनाव का एक प्रमुख नारा बन गया है। यह वैसे ही है जैसे 2019 लोकसभा चुनाव में में मैं हूं चौकीदार एक बड़ा नारा बना और सर्वे बताते हैं कि उसका असर लोकसभा चुनाव पर हुआ। आम धारणा यही है कि मैं हूं मोदी का परिवार 2024 लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के मतदान करने की प्रक्रिया निर्धारित करने का एक कारक बन सकता है। 3 मार्च को बिहार की राजधानी पटना में गठबंधन की रैली में लालू प्रसाद यादव जी ने कल्पना नहीं की होगी कि वह जो कुछ बोल रहे हैं उसकी ऐसी प्रतिक्रिया हो सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिवारवाद पर हमला करने का अपने तरीके से जवाब ही दिया था। उसमें यह पूछने की क्या आवश्यकता थी कि मोदी बताएं कि उनका कोई परिवार क्यों नहीं है ,संतान क्यों नहीं है? वह यहां तक चले गए कि कह दिया कि नरेंद्र मोदी हिंदू भी नहीं है। माता-पिता की मृत्यु पर उनके बच्चे अपने बाल दाढ़ी सब साफ करवाते हैं जबकि उन्होंने नहीं किया। ऐसे हमले पर प्रतिहमला बिलकुल स्वाभाविक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे हमले का आक्रामक और लोगों के दिलों को स्पर्श करने वाली भाषा शैली में प्रत्युत्तर देने में प्रवीण है। इसलिए उन्होंने कहा कि आज इंडी गठबंधन के लोग, जो परिवारवाद, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, वह मुझसे मेरे परिवार के बारे में पूछते हैं, 140 करोड़ भारतीय ही मेरा परिवार है। इस तरह भाजपा के पास विरोधियों विशेषकर आईएनडीआईए गठबंधन के विरुद्ध एक बड़ा मुद्दा हो गया है।

2019 आम चुनाव के पहले से राहुल गांधी राफेल विमान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी तरह निशाने पर ले रहे थे। उन्होंने चौकीदार चोर है का नारा लगाया था।

चौकीदार चोर है के समानांतर प्रधानमंत्री ने मैं भी चौकीदार का नारा दिया और देखते-देखते भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सोशल मीडिया पर मैं भी चौकीदार में अपना परिचय लिख दिया। राहुल गांधी और पूरे विपक्ष के लिए यह उल्टा पड़ गया। प्रश्न है कि क्या मैं हूं मोदी का परिवार नारा भी विपक्ष के लिए फिर उल्टा पड़ जाएगा?

यह ऐसा भावनात्मक विषय है जो लोगों के दिलों पर सीधा असर डालता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब कहते हैं कि हमने देश के लिए अपना जीवन लगाया है और अंतिम सांस तक देश हित में लगा दूंगा तो एक बड़ा समूह इसे स्वीकार करता है। अगर चुनाव को कुछ समय के लिए परे रख दें तब भी यह विचार करना चाहिए कि क्या किसी व्यक्ति पर इस तरह की टिप्पणी उचित है? हमारे देश में अविवाहित रहकर यानी परिवार न बसा कर या परिवार का त्याग कर देश, समाज, धर्म की सेवा या आत्म साधना में जीवन लगाने वालों की बड़ी संख्या है। राजनीति में सभी विचारधाराओं में ऐसे लोग रहे हैं जिनका सम्मान समाज में हमेशा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार इस मामले में इसलिए शीर्ष पर हैं क्योंकि वहां जीवनदानी प्रचारकों की सबसे ज्यादा संख्या है और भाजपा सहित सभी संगठनों में ऐसे लोग हैं। समाजवादियों में भी ऐसे लोग रहे हैं। समाजवादी नेताओं ने भी अपने जीवन काल में वंशवाद और परिवारवाद को बड़ा मुद्दा बनाया, पर प्रत्युत्तर में इस तरह उनके परिवार न होने पर किसी ने प्रश्न नहीं उठाया। उठाया भी नहीं जाना चाहिए। नरेंद्र मोदी आज प्रधानमंत्री हैं तो लगता है कि उनके पास सारे सुख साधन हैं और इसलिए हमला करने पर लोग प्रभावित हो जाएंगे। उन्होंने जब परिवार से परे होकर संघ का प्रचारक बनकर अपनी विचारधारा के अनुरूप राष्ट्र सेवा का व्रत लिया होगा तो इसकी कल्पना नहीं रही होगी की राजनीति में किसी समय में शीर्ष पर जा सकते हैं। उस समय जनसंघ या बाद में भाजपा की हैसियत इतनी बड़ी नहीं थी और जितनी थी उनमें बड़े कद के नेताओं की भी इतनी लंबी कतार थी कि देश एवं अनेक राज्यों की सत्ता में आने पर शीर्ष नेता होने का सपना संजोए जाए। सैंकड़ों की संख्या में ऐसे जीवन दानी संघ परिवार के साथ-साथ अनेक गैर राजनीतिक राजनीतिक संगठनों में लोग पहले भी थे और आज भी हैं। या देश का दुर्भाग्य है कि हम राजनीतिक तू तू मैं मैं इस विषय को घसीटते हैं। वह भी इसलिए क्योंकि नेताओं के द्वारा अपने परिवार के लोगों को राजनीति में शीर्ष पर स्थापित करने, बनाए रखने और आगे बढ़ाने के अपकर्म पर प्रश्न उठाया जा रहा।

वास्तव में आज पार्टियों में एक ही परिवार से निकले हुए लोगों के हाथों नेतृत्व और निर्णय की मुख्य कमान रहने राजनीति का सबसे बड़ा रोग बना हुआ है। इसके कारण योग्य, ईमानदार, सक्षम और समर्पित लोगों का उनकी क्षमता के अनुसार राजनीति में अवसर मिलना बाधित है। व्यवस्था में ऐसे लोग भी परिवारवादी नेतृत्व के समक्ष नतमस्तक होकर हां में हां मिलाने और अपने को उनके साथ एडजस्ट करने को विवश हैं। ज्यादातर परिवारवादी नेतृत्व ने सत्ता का हर स्तर पर दुरुपयोग किया है। देख लीजिए इनमें ज्यादातर के परिवार या वे स्वयं भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव को तो चारा घोटाले के तीन मामलों में सजा भी मिल चुकी है।

किसी राजनीतिक परिवार से अगली पीढ़ी का राजनीति में सक्रिय होना और परिवार के हाथों ही नेतृत्व सिमटे रहने में मूलभूत अंतर है। परिवारवादी नेतृत्व वालों पर हमला होगा या उनकी आलोचना होगी तो निश्चित रूप से वे तिलमिलाएंगे। इसका उत्तर यह नहीं हो सकता जो लालू प्रसाद यादव जी ने दिया है। यह राजनीतिक विरोधियों की आलोचना आलोचना के संदर्भ में स्थापित मर्यादाओं का दुर्भाग्यपूर्ण अतिक्रमण है। हालांकि लालू यादव के वक्तव्य का सही अर्थ समझना भी कठिन है। वे कहते हैं कि जिनके ज्यादा बच्चे हैं उन पर वह प्रश्न उठते हैं और कहते हैं कि परिवारवाद को बढ़ावा दे रहा है तो वह बताएं कि उनके परिवार क्यों नहीं है? प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तरीके से बता दिया कि उनका परिवार क्यों नहीं है। उनके पार्टी और समर्थकों ने बता दिया कि उनका एक बड़ा परिवार है। लगातार वह बोल रहे हैं कि देश ही मेरा परिवार है और जिसका कोई नहीं है उसका मैं हूं और वह मेरा है। इसका लालू प्रसाद यादव और उनके समर्थकों के पास क्या उत्तर हो सकता है? जो उत्तर वह देंगे या दे रहे हैं क्या वह लोगों के अंतर्मन को वाकई छु पाएगा? कतई नहीं। सच यही है कि परिवारवादी नेतृत्व या परिवार के कारण योग्य अक्षम लोगों का राजनीति में प्रभावी होने जैसी दुष्प्रवृत्ति का कोई सकारात्मक उत्तर दिया ही नहीं जा सकता है। जिस मंच पर लालू जी ने प्रधानमंत्री पर हमला किया उसी से उन्होंने अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को राजनीति में लॉन्च भी किया। लालू जी का नरेंद्र मोदी पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। लोकसभा चुनाव में यह उल्टा पड़ जाए तो उसमें किसी को आश्चर्यजनक नहीं होना चाहिए। भाजपा के पास आज भी अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों की लंबी फौज है जो कहीं न कहीं अपने इर्द-गिर्द भाजपा सहित अलग-अलग संगठनों में जीवनदानी परिवारविहीन लोगों को काम करते देखते हैं और उनके प्रति सम्मान रखते हैं।

वे लोग इस तरह के हमले को आसानी से सहन नहीं कर सकते। तो यह मोदी के साथ-साथ लाखों लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाने जैसा है जिसकी प्रतिक्रिया जगह-जगह दिखाई देनी स्वाभाविक है। आज किसी भी पार्टी की यह हैसियत नहीं की इतनी बड़ी संख्या के प्रति हमले का समान रूप से सामना कर सके। जिस तरह 2019 में जगह-जगह भाजपा के नेता , समर्थक और कार्यकर्ता मैं हूं चौकीदार का नारा लगाते थे और आम लोग भी उनके साथ आ जाते थे ठीक वही दृश्य इस चुनाव में आने वाले समय में दिखाई पड़ेगा।

कार्यकर्ता लोगों के बीच जाएंगे और कहेंगे कि देखिए मोदी जी ने तो देश के लिए अपना जीवन लगा दिया, अपने लिए या अपने रिश्तेदारों के लिए कुछ किया नहीं और लालू प्रसाद यादव तथा आईएनडीआईए गठबंधन के नेता उनके उनको बिना परिवार का बताकर हमला कर रहे हैं तो लोगों की प्रतिक्रिया कैसी होगी इसका अनुमान लगाया जा सकता है।

# घटयात्रा के साथ इन्द्रध्वज महामंडल विधान शुरू

## भगवान चन्द्रप्रभु का 108 किलो का निर्वाण लाडू चढ़ाया

**खबरों की दुनिया**



**जयपुर।** अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर श्याम नगर वषिष्ठ मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सर्वांगभूषण आचार्यश्री चैत्य सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री इन्द्रध्वज महामंडल विधान का शुभारंभ शनिवार को 251 महिलाओं के निकले घटयात्रा जुलूस के साथ हुआ। इस दौरान आसपास का भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष निहाल चन्द्र पांडया ने बताया कि आज सुबह नित्य नियम पूजा के बाद देवाज्ञा,गुरुआज्ञा के बाद आचार्य निमंत्रण आदि क्रियाएं सम्पन्न हुई। इसके बाद मंदिर से 251 महिलाओं की घटयात्रा शुरू हुई। बैंडबाजे के साथ इस घटयात्रा जुलूस में महिलाएं सिर पर मांगलिक कलष व बैंड वादकों की मधुर स्वर लहरियों पर नाचते-गाते हुए चल रही थी। इस अवसर पर श्रीजी की पालकी भी चल रही थी। जिसके आगे श्रद्धालु आया मंगल दिन मंगल अवसर...धन्य-धन्य आज घड़ी कैसी सुखकार है...जैसे भजनों की स्वर लहरियों पर नाचते-गाते व जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। यह घटयात्रा श्याम नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करती हुई महावीर मंदिर श्याम होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल मंदिर प्रांगण पहुंची,जहां पर ध्वजारोहण समाज श्रेष्ठी माया काला कोलकाता, रजनीष, नेहा, विनीत व श्वेता काला परिवार ने और मंडप उद्घाटन निहाल-अनीता पांडया परिवार ने किया। इसके बाद जाप्यानुष्ठान, अंकुरोपण के बाद जयकारों के बीच भगवान चन्द्रप्रभु का 108 किलो का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। महोत्सव की सारी क्रियाएं विधानाचार्य पं.जिनेष भैया ने सम्पन्न करवाई। उन्होंने बताया कि इसीदिन शाम को गुरुभक्ति व आरती आदि के विशेष आयोजन हुए। महोत्सव के तहत रविवार को सुबह 5.30 बजे नित्याभिषेक के बाद नित्य नियम पूजा के बाद श्री इन्द्रध्वज महामंडल विधान,सुबह 9.30 बजे आचार्यश्री के प्रवचन,व साम को 7.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# प्रमुख चिकित्सा अधिकारी बने डॉ विजय सिंह



धौलपुर ● खबरों की दुनिया

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विजय सिंह ने शनिवार को प्रमुख चिकित्सा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। गौरतलब है कि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के पद पर डॉक्टर समरवीर सिंह सिकरवार थे लेकिन राज्य सरकार द्वारा जारी की तबादला सूची में डॉक्टर समरवीर सिंह सिकरवार की जगह पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विजय सिंह को लगाया गया।

# जिला अस्पताल नए भवन में हो रहा है संचालित

## * लोगों में बनी है असमंजस्य की स्थिति * पुराने भवन के आउट डोर में नहीं मिले डॉक्टर * मरीज हो रहे हैं परेशान

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

स्व. डॉक्टर मंगल सिंह स्वतंत्रता सेनानी जिला चिकित्सालय का नया भवन बन जाने के कारण हॉस्पिटल का अधिकांश विभाग नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो रहा है। ऐसे में मरीज और लोगों में असमंजस्य की स्थिति में बना हुआ है कि इस पुराने भवन में हॉस्पिटल संचालित होगा या नहीं ? लेकिन शनिवार को पुरानी बिल्डिंग के आउटडोर में डॉक्टरों के अधिकांश कक्ष बंद रहे। हरदेव नगर से लेकर फद्दी का चौराहे तक स्व. डॉक्टर मंगल सिंह स्वतंत्रता सेनानी जिला चिकित्सालय संचालित होता है। लेकिन राज्य सरकार ने अस्पताल के लिए पुरानी छावनी में नया भवन तैयार करवा दिया है। इस भवन के तैयार होते ही स्व. डॉक्टर मंगल सिंह स्वतंत्रता सेनानी जिला चिकित्सालय के अधिकांश विभाग नए भवन में शिफ्ट हो रहा हैं। ऐसे में लोगों में असमंजस्य की स्थिति बनी हुई है कि पुराने भवन में अस्पताल संचालित होगा या नहीं, या पूर्णतय बंद हो




जायेगा। शनिवार को पुराने भवन में संचालित हो रहे स्व. डॉक्टर मंगल सिंह स्वतंत्रता सेनानी जिला चिकित्सालय के आउटडोर में चिकित्सकों के अधिकांश कक्ष बंद रहे। वहीं इस अस्पताल में दिखाने आए मरीजों को कोई भी चिकित्सक नहीं दिखने पर मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और वह चिकित्सकों के बारे में पूछते हुए नजर आए मगर उन्हें सही जबाव देने के लिए कोई नहीं मिला तो वह भटकते रहे। वहीं आउटडोर के द्वार पर बनी खिड़की में आउट डोर और इनडोर के पर्चे बनते थे लेकिन शनिवार को पर्चा खिड़की पर न तो कोई कर्मचारी था न ही कोई कंप्यूटर था। लोग पर्चा बनवाने के लिए खिड़की पर खड़े रहे, फिर बाद में कुछ लोग इमरजेंसी से पर्चा बनवा तो लाए मगर चिकित्सक नहीं मिला। अब सवाल ये है कि अगर चिकित्सालय नए भवन में शिफ्ट हो रहा है तो पुराने भवन में आने वाले मरीजों को प्रॉपर जानकारी देनी चाहिए जिससे उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। अगर सभी विभाग नए भवन में शिफ्ट नहीं हो रहे हैं तो वह भी लोगों को जानकारी देनी चाहिए जिससे लोगों में असमंजस्य की स्थिति नहीं बन सके।

# हृदयांश के लिए स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

किड्स एंजिल्स कान्वेंट स्कूल द्वारा मनियां एसएचओ नरेश शर्मा के पुत्र हृदयांश के लिए विद्यालय के बच्चों के द्वारा 7 दिन से एक मुहीम चलाई जा रही थी जिसमें सेल्फी प्वाइंट के द्वारा एवं इसके लिए बच्चों को एक टास्क दिया गया था जिसमें बच्चों ने अपने परिवारजन और रिश्तेदारों, पड़ोसियों से फंड इकट्ठा किया गया। फाइनल डे के दिन कार्यक्रम की शुरुआत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर धर्म सिंह मेनावत के द्वारा दीप प्रचलित करके की गई। बच्चों के द्वारा रेली निकाली गई जिसका शुभारंभ कोतवाली थाना एसएचओ प्रमेन्द्र कुमार रावत के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा डोनेशन बॉक्स बनाए गए जिन्हें लेकर बच्चे प्रत्येक दुकान पर गए और दुकानदारों को समझाकर डोनेशन प्राप्त किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर दीपक गर्ग, प्रिंसिपल मधु गर्ग,वाइस प्रिंसिपल नेहा गर्ग, शालिनी रस्तोगी, करिश्मा गुप्ता, काजल गोयल, पूजा, पारुल, सलोनी शबाना ,वर्षा, शैलेश ,शैली, गरिमा स्तुति, हितेश, मीना, अपसारी, शकील समेत बच्चे मौजूद रहे।






# चौथ कुश्ती दंगल को लेकर बैठक संपन्न

राजाखेड़ा ● खबरों की दुनिया

कस्बे में प्रसिद्ध ऐतिहासिक चौथ कुश्ती दंगल के आयोजन को लेकर राजाखेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन ने शनिवार को पालिका कार्यालय में दंगल रेफरियों की बैठक ली। दंगल के आयोजन को लेकर कमेटियों का गठन किया। इसके बाद उन्होंने मैच रेफरियों के साथ दंगल आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। दंगल के आयोजन को लेकर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी ऐतिहासिक प्रसिद्ध चौथ कुश्ती दंगल का आयोजन राजाखेड़ा के तहसील परिसर के पीछे खासा स्थान पर किया जाएगा। इसको लेकर आज कमेटियों का गठन किया गया है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दंगल के समय में परिवर्तन किया गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता के पालन के लिए दंगल का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है।उन्होंने कहा कि दंगल में दर्शकों को अच्छी कुश्ती देखने को मिले इसके लिए भारत केसरी सहित विभिन्न अखाड़ों के नामी पहलवानों को बुलाया जाएगा।

# कार की टक्कर से एक की मौत

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

मांगरोल रोड पर एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दो जाने घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां से दोनों घायलों को रेफर कर दिया गया। वहीं रास्ते में नाबालिग ने दम तोड़ दिया।

श्रीनिवास ने थाने में मामला दर्ज करते हुए बताया कि शाम को उनका बेटा और बाइक सवार हरविंदर पुत्र रामवीर बाइक से मनियां से परसोदा गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल हुए नाबालिग और युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से युवक को आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। नाबालिग की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर किया गया, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# जिले में धारा 144 लागू

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 हेतु निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। स्वतंत्र निष्पक्ष शांति पूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से चुनाव सम्पन्न करवाने जिले के सभी क्षेत्रों, वर्गो के मतदाता बिना किसी आतंक व भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सकें इस हेतु असामाजिक, अवांछित एवं बाधक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने एवं कानून व्यवस्था तथा लोक शांति बनाये रखने हेतु जिले में 16 मार्च से आगामी आदेश तक धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धौलपुर जिले की राजस्व सीमाओं के भीतर निषेधाज्ञा आगामी आदेश तक लागू की गई है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी द्वारा जारी आदेशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 पर साम्प्रदायिक सद्भाव व लोक शांति कायम रखने हेतु एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये अस्त्र शस्त्रों के लाने व ले जाने तथा जिले के राजस्व सीमा क्षेत्रा में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के आग्नेय शस्त्रों जैसे रिवाल्वर, पिस्टल, बी.एल.गन, एम एल गन, राइफल,12 बोर आदि तेजधार वाले हथियार जैसे तलवार, भाला, बरछी,चाकू, छुरी,गड़सा, फरसा इत्यादि एवं लाठी लेकर नहीं चलेगा तथा इसका सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बिना किसी भी सार्वजनिक स्थल पर कोइ भी जुलूस, सभा, भाषण आदि का आयोजन नहीं करेगा एवं न ही संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग किया जावेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर मदिरा का सेवन नहीं करेगा न ही अन्य किसी को सेवन करवायेगा अथवा न ही मदिरा सेवन हेतु दुष्प्रेरित करेगा तथा अधिकृत विक्रेताओं के अलावा कोई भी व्यक्ति निजी उपयोग के अलावा अन्य उपयोग हेतु सार्वजनिक स्थलों में मदिरा लेकर आवागमन नहीं करेगा व सूखा दिवस पर मदिरा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आदेश के अनुसार यह निषेधाज्ञा सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान सशस्त्र बल, राजस्थान पुलिस, राजस्थान होमगार्ड एवं केन्द्रीय कर्मचारियों पर जो कानून व्यवस्था के संबंध में अपने हथियार रखने के लिये प्राधिकृत किये गये हों पर लागू नहीं होगा तथा सिख समुदाय के व्यक्तियों को धार्मिक परंपरा के अनुसार नियम के अन्तर्गत निर्धारित कृपाण रखने की छूट होगी तथा अंधे एवं बुजुर्ग व्यक्ति जो बिना लाठी के नहीं चल सकते हैं वे लाठी लेकर चल सकेंगे। कोई भी व्यक्ति या संस्था इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया यथा फेसबुक, ट्विटर, व्हाइट्स एप, यूट्युब आदि के माध्यम से किसी भी प्रकार का धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या दुष्प्रचार नही करेगा। कोई भी व्यक्ति मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र से एवं मतगणना दिवस पर मतगणना केन्द्र से दो सौ मीटर की परिधि के अन्दर किसी भी तरह के मोबाईल फोन, सैल फोन, वायरलैस का उपयोग नहीं करेगा

# रंगोली बनाकर विपरपुर ईएलसी ने दिया संदेश




धौलपुर ● खबरों की दुनिया

जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में प्रत्येक निर्वाचन साक्षरता क्लब लोकसभा आम चुनाव में जागरूकता के लिए विविध प्रकार के संदेश दे रहा है। इसी क्रम में विपरपुर निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों ने वोटर हेल्पलाइन एप एवं भारतीय निर्वाचन आयोग के लोगो प्रदर्शित कर मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढने एवं मतदाता की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का संदेश देती हुई रंगोली बनाकर जागरूक किया। रंगोली में वोटर हेल्पलाइन एप की विधिक जानकारियों में मतदाता सूची में नाम खोजने, वोटर रजिस्ट्रेशन, अपनी डिटेल में सुधार करने, डिजिटल वोटर स्लिप डाउनलोड करने, चुनाव से जुड़ी जानकारियां प्राप्त करने के बारे में ईएलसी नोडल प्रभारी अतुल चौहान ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि होम पेज पर सर्च बार पर क्लिक करने पर नया पेज ओपन होता है, जहां मोबाइल नंबर, डिटेल्स या एपिक नंबर डालकर मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढा जा सकता है। अपने नाम खोजने के लिए डिटेल्स, मोबाइल नंबर जो ईपिक से जुड़ा है अथवा ईपिक तीनों में से किसी का उपयोग किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बार कोड को स्कैन करा कर भी वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग करने की सुविधा बीएलओ की सहायता से मतदान केंद्र पर प्रदान की जा रही हैं।रंगोली प्रतियोगिता के अवसर पर प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा ने विद्यार्थियों से वोटर हेल्पलाइन एप सी विजिल एप,सक्षम एप, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल जैसे उपयोगी एप की जानकारी अपने अभिभावकों और ग्रामीण जनों को शेयर करने को कहा तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किए जा रहे नवाचारी प्रयोगों की जानकारी शेयर की। इस अवसर पर उन्होंने बीएलओ रंजीत यादव से मतदाताओं को आधिकारिक जानकारी प्रदान करने को भी कहा। प्रतियोगिता में बच्चियों द्वारा विभिन्न एप के लोगो, शत प्रतिशत मतदान, मतदान के अधिकार का उपयोग करने जैसे संदेश रंगोली के माध्यम से दिए। प्रतियोगिता के अवसर पर बीएलओ सुपरवाइजर मुकेश कुमार, यश शर्मा, अनिल सक्सेना, बनवारी लाल, सतीश चंद्र, पंकज जैन, नेत्रपाल सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# मोदी की गारंटी से भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्रः महेंद्र कोली

बसेड़ी ● खबरों की दुनिया

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा बसेड़ी में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प पत्र लेकर मंडल में एक सघन अभियान चलाया गया। बयाना मोड जगनेर बाईपास भारद्वाज मार्केट मुख्य बाजार बस स्टैंड सदर बाजार बसेड़ी नगर पालिका में संकल्प पत्र भरकर संकल्प पट्टिका में डाले गए मोदी जी की गारंटी और मोबाइल नंबर पर सभी कार्यकर्ताओं और आम पब्लिक से मिस कॉल कर नमो ऐप डाउनलोड करवाया गया।

सभी ने अपने-अपने संकल्प पत्र में सुझाव भरकर दिए फिर एक बार मोदी सरकार नारे के साथ सभी आम मतदाताओं से अपील की। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें और मोदी सरकार की केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में भी सभी को विस्तार से बताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भैरोंसिंह परमार, मंडल महामंत्री महेंद्र कोली, धौलपुर विधानसभा विस्तारक पवन चौधरी, सतवीर चौहान पीयूष शर्मा योगेश शर्मा रंजीत शर्मा भीकम कोली संजय जाटव जगन्नाथ कोली रमेश कोली धर्मवीर सेठ लटोरी कोली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सदर पुलिस ने भैसों का क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

## वहां को जब्त कर 24 भैंसो को कराया मुक्त

धौलपुर ● खबरों की दुनिया



जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा भा.पु.से. के निर्देशानुसार एवं वृत शहर धौलपुर तपेन्द्र मीणा के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी रामनरेश उ0नि0 के नेतृत्व में दिनेश कुमार हैड कानि. मय जाप्ता द्वारा सदर चौराहा जीटी रोड पर कार्यवाही करते हुये आईसर कैन्ट्रा के अन्दर 24 भैंसे को कूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरकर ले जाते हुये कैन्ट्रा चालक चन्दा खां पुत्र अल्फाज खां जाति मुसलमान उम्र 32 साल निवासी टंकी के सामने इस्लामपुर जौरा थाना जौरा जिला मुरैना एमपी को गिरफ्तार किया जाकर 24 भैंसे को मुक्त कराया गया है एवं आईसर कैन्ट्रा को जब्त कराया।

# दूध पाउडर, घी के लिए नमूने

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

आमजन को शुद्व व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आज कार्यवाही करते हुए घी, दूध, बर्फी के नमूने लिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि विभाग की टीम ने आज धौलपुर में घी घर लाल बाजार तथा पालीवाल संस डेयरी से 2 - 2 नमूने घी के लिए। बताते चले की स्वास्थ्य विभाग मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त है रोजाना जिले भर में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे है। इसके तहत शुक्रवार को देवांश फूड प्रोडक्ट्स मनियां से दूध पाउडर , बर्फी ,सूजी के नमूने लिए अगम फूड प्रोडक्ट मनियां से बर्फी, व दूध पाउडर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थों व मिलावट के प्रति जागरूक करने के तथा आमजन को स्वस्थ एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ के सेवन बारे मे जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आमजन द्वारा मिलावट की शिकायत व्हाट्सएप नंबर की जा सकती है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार सहित अन्य शामिल रहे।

# जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने संभाला पदभार

धौलपुर ● खबरों की दुनिया



नवांगतुक जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने शनिवार को पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आमजन से सीधा संवाद कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जिससे आमजन में पुलिस का विश्वास कायम बना रहें। जिला पुलिस अधीक्षक ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधरा जायेगा। उन्होंने कहा कि आमजन को पुलिस के प्रति विश्वास बनाया जायेगा जिससे आमजन कभी भी पुलिस से मदद ले सके, उन्होंने कहा कि आमजन के वेलफेयर के कार्य किए जायेंगे। एसपी ने जिले में पुलिस कर्मियों को सख्ती से बदमाशों से निपटने के निर्देश दिए हैं। नवांगतुक जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी कार्य करें शिद्दत से करना चाहिए जिससे पारदर्शिता आती है और विश्वास कायम होता है।

खबरों की दुनिया
एक नजर

# जनसुनवाई में 29 प्रकरणों का हुआ निस्तारण



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली संबंधी समस्याओं का निस्तारण करने के लिए शनिवार को कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। सहायक अभियंता महावीर बैसला ने बताया कि अधीक्षण अभियंता चित्तौड़गढ़ एस के सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। दिनभर चली जनसुनवाई में बिजली चोरी से संबंधित 11 प्रकरणों का निस्तारण हुआ, जिसमें बाकियात 6 लाख 5 हजार रु वसूले गए। वहीं 8 बिजली कनेक्शन को जोड़ा गया और 10 उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में संशोधन किया गया। जनसुनवाई में सहायक अभियंता बी एल मेघवाल सहायक राजस्व अधिकारी रेखा कुरानी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# नशे में युवक ने राणा प्रताप सागर बांध से लगाई छलांग

## –देवदूत बने होमगार्ड बचाई जान, युवक का उपचार जारी

खबरों की दुनिया



**रावतभाटा।** नशे की हालत में एक युवक ने शनिवार दोपहर को राणा प्रताप सागर बांध से छलांग लगा दी। बांध पर तैनात होमगार्डों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को बाहर निकाल जान बचा ली। युवक का उपजिला अस्पताल में उपचार जारी है।

घटना बांध पर लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

जानकारी के अनुसार सेडलडेम निवासी सत्तू उर्फ सत्यनारायण गुर्जर (26) पुत्र मदनलाल रावतभाटा की और से मोटरसाइकिल पर लिफ्ट लेकर गांव जा रहा था। राणा प्रताप सागर बांध पुल पर लाल क्रेन के समीप वह उतर गया। बाइक सवार के आगे बढ़ते ही उसने बांध के अपस्ट्रीम क्षेत्र चंबल नदी में छलांग लगा दी। बाइक सवार ने होमगार्ड आमिर खान और कैलाश गुर्जर को बताया तो दोनों दौड़ पड़े और कड़ी मशक्कत के बाद सत्तू को बाहर निकाल लिया। सूचना पर राणा प्रताप सागर विद्युत उत्पादन निगम अधिशासी अभियंता आशीष जैन, धीरज महावर, संतोष रोहलन, सिद्धार्थ सिंह मौके पर पहुंचे और अचेत युवक को 108 एम्बुलेंस की सहायता से उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

**देवदूत बने होमगार्ड**

सत्तू के लिए होमगार्ड जवान देवदूत साबित हुए होमगार्ड आमिर खान, कैलाश गुर्जर, राजेश बुनकर, देवराज गुर्जर दौड़कर बांध की सीढ़िया उतर गए। आधा घंटा मशक्क़त के बाद उन्होंने सत्तू को बाहर निकाल लिया। बांध से छलांग लगाने के बाद जान बच जाना किसी चमत्कार से कम नही है। सत्तू के परिजनों के अनुसार सुबह वह खेत पर कार्य कर रहा था, बगैर बताए वहां से रावतभाटा चला गया और शराब का सेवन कर लिया।

# बाड़ौलिया विद्यालय का केन्द्र निदेशक ने किया लोकार्पण

## –3.50 करोड़ का भवन शिक्षा विभाग को किया सुपुर्द



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राजस्थान परमाणु बिजलीघर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत अनेकों जनकल्याण की परियोजनाएँ संचालित की जा रही है। इन परियोजनाओं में शिक्षा क्षेत्र के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाती है। इसी श्रृंखला में आरआर साईट द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ौलिया का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसका 12 मार्च 2024 को इकाई-5 व 6 के केंद्र निदेशक राजेश रोज, मुख्य अधीक्षक सुनील कुमार ओझा, सह निदेशक एस के गुप्ता और अनुरक्षण अधीक्षक सी गोविंद राजू उदयप्रकाश ने लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्र निदेशक राजेश रोज ने कहा कि सीएसआर के माध्यम से विभाग अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है। इन कार्यों के लिए सम्पूर्ण सीएसआर टीम मनोयोग से कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि परमाणु बिजलीघर द्वारा निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त विद्यालय में आप मन लगाकर अध्ययन करें और जीवन में सफलता को प्राप्त करें। मैं आप सभी को शुभकामनाएँ प्रदान करता हूँ। इस दौरान मुख्य अधीक्षक एस के ओझा ने कहा कि भवन बन जाने से नए माहौल में बच्चों को सीखने में भी बहुत अच्छा महसूस होगा। हम सुनते रहते हैं कि किसी विद्यालय की छत टपक रही है जिससे बच्चे पढाई नहीं कर पा रहे हैं तो ये समस्या अब इस विद्यालय में नहीं रहेगी। आप पढ़ लिखकर हमारे विभाग में भी जॉब प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि सह निदेशक एस के गुप्ता ने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत एनपीसीआईएल पुराने विद्यालय भवनों के स्थान पर नए भवनों का निर्माण कर रहा है । परमाणु बिजलीघर अब तक इस क्षेत्र के 12 राजकीय विद्यालयों का निर्माण कर उन्हें शिक्षा विभाग को सुपुर्द कर चुका है और आगे भी यह सिलसिला निरन्तर जारी है । यह भवन लगभग 1700 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाया गया है जिस पर 3 करोड़ 50 लाख की राशि खर्च की गई है। इससे यहाँ के विद्यार्थियों को पढने के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। भविष्य में भी विद्यालयों की आवश्यकता के अनुरूप इन विद्यालयों में और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अनुरक्षण अभियंता अजय कुमार अरोड़ा, सीएसआर प्रभारी सुरजीत सिंह, प्रोजेक्ट प्रभारी नितिन नागर, केजी पंवार, उपेन्द्र बारस्कर, वली मोहम्मद, प्रहलाद, हीरालाल, सुल्तान मोटिस, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह हाड़ा, रामकेश मीणा, मदन लाल पारीक, आनद कुमार, सद्दाम हुसैन, रविन्द्र और विद्यालय स्टाफ से सावित्री मीणा, रेणु धाकड़, दिनेश रेगर, अशोक बैरवा, निशा धारीवाल, सविता चौहान, राजबाला चौधरी, सुरेश शर्मा, सीमा विश्नोई, पूनम गुप्ता, हनुमान मीणा, जीतमल धाकड़, विद्या, उर्मिला, वैशाली, मंजुला, मनोज पाराशर, ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**विद्यालय में यह निर्मित हुई सुविधाएँ :** सामाजिक सरोकार के अंतर्गत विद्यालय भवन में कक्षा कक्ष-12, प्रधानाचार्य कक्ष, कार्यालय, परीक्षा कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, रसोईघर मय स्टोर, बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय, मुख्य द्वार और चारदीवारी निर्माण, पीने के पानी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण, मुख्य सडक और पुलिया निर्माण करवाया गया।

# घायल वानर का रेस्क्यू कर कोटा पहुंचाया



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के वाइल्ड एनिमल्स रेस्क्यू एसोसिएशन की टीम ने घायल वानर का रेस्क्यू कर 35 मिनट में उपचार के लिए कोटा पहुंचाया। एसोसिएशन के आसिफ़ टीपू ने बताया की विक्रम नगर में सुबह 11 बजे के आसपास वानरों की आपसी लड़ाई मे एक वानर के गम्भीर घायल होने की सुचना मिली। जिस पर वाइल्ड एनिमल्स रेस्क्यू एसोसिएशन टीम के मेनेजिंग ट्रस्टी मो. आसिफ टीपू विजय सिंह सोलंकी मौके पर पहुचे और घायल वानर को रेस्क्यू किया। घायल वानर को उपचार के लिए कोटा चिड़ियाघर पहुँचाया।

# बी.एड कॉलेज में सांस्कृतिक सप्ताह का हुआ समापन



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** श्रद्धालय बी. एड. कॉलेज में चल रहे सांस्कृतिक सप्ताह का शनिवार को समापन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. गिरीश शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एम .एल .गौतम पूर्व डीन कोटा विश्वविद्यालय, प्रवीण जैन सोशल वर्कर कोटा, प्राचार्या डॉ. शालिनी जैन सर्वोदय टीटी कॉलेज कोटा रहे। प्रोफेसर एम. एल. गौतम ने छात्रों को शिक्षक का जीवन में महत्व एवं अनुशासित जीवन जीने का संदेश दिया। महाविद्यालय के चेयरमेन ए.जी. मिर्जा, डायरेक्टर डॉ. अजहर मिर्जा एवं डॉ. मजहर मिर्जा ने मतदाता जागरूकता रैली का शुभारंभ किया तथा छात्रों को मतदान का महत्व बताया। सांस्कृतिक सप्ताह के अंतिम दिन छात्रध्यापकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर व्याख्याता डॉ. ज्योति सारस्वत, डॉ. प्रिया त्रिपाठी, राकेश शर्मा, मीता चोपड़ा, शालिनी शर्मा, समीक्षा अगन्य, सुधा गोयल उपस्थित रहे।

# अंजुमन मदरसे में मनाया विदाई समारोह



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** अंजुमन सिराजुल इस्लाम कमेटी द्वारा संचालित मदरसा सिराजुल इस्लाम में विदाई समारोह मनाया गया।

इस समारोह में आठवीं में अध्यन कर रहे बच्चों को विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजुमन सिराजुल इस्लाम कमेटी के सद्र मज़हर भाटी ने रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन ऐजूकेशन कमेटी के चेयरमैन शायर हनीफ खान ने की। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन हाजी मंजूर अहमद, उप सचिव हाफिज मोहम्मद आरिफ , सचिव शरीफ बेग, उप सचिव ज़ाहिद अली, तनवीर गुलाम दस्तगीर मोहसिन अहमद मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियो के स्वागत के साथ की गई। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक मोहम्मद साबिर ने किया। वहीं आभार मदरसे के अध्यापक हाजी सोहेल इक़बाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में सद्र मज़हर भाटी ने विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा व आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों सहित स्टाफ़ मौजूद रहा।

# विद्यार्थियों को करवाया शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** श्री राम बल विद्या मंदिर भैंस रोड गढ़ के विद्यार्थियों शनिवार को शुभकामना समारोह आयोजित हुआ।

नरेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को श्रेष्ठ परिणाम आदर्श सामाजिक जीवन का लक्ष्य लेकर चलने के लिए शुभकामनाएं दी गई। प्रधानाचार्य भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि पाडाझर माता जी में धाम प्रकृति वातावरण एवं शैक्षणिक भ्रमण करवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद संजय रेठूदिया, अध्यक्षता रामपाल पाराशर, मुख्य वक्ता सतीश कुमार गौतम रहे। जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संचालन टिंकल जाट ने किया, अतिथियों का परिचय अर्चना जायसवाल ने करवाया। कार्यक्रम के अंत में तनिष्का चुंडावत ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी अभिभावक सहित लोग मौजूद रहे।

# कृषि महाविद्यालय परिसर में चलाया जागरूकता अभियान

## वाहन चलाते वक्त हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें : सुनील गुप्ता थाना प्रभारी

खबरों की दुनिया




**भुसावर।** कस्बा भुसावर के कृषि महाविद्यालय परिसर में जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न वक्ताओं ने यातायात नियमों सहित स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डीन उदयभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि महाविद्यालय परिसर में आधा दर्जन से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहां विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं इस दौरान भुसावर थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने उद्बोधन देते हुए कहा कि दुपहिया वाहन पर हेलमेट तथा चौपहिया वाहन पर सीट बैल्ट अवश्य लगानी चाहिए। तय सीमा से अधिक गति व नशा करके वाहन नही चलाना चाहिए। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भुसावर के चिकित्साधिकारी डॉ0 राजकुमार गुप्ता द्वारा प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। उन्होने चोट लगने पर पट्टी बांधना, सांप काटने पर बंध लगाना, हेजा होने पर चीनी व नमक का घोल पिलाना, आग से झुलसने पर बरनोल लगाना आदि प्राथमि उपचारों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन छात्रा पूजा कुमारी व छात्र राहुल शर्मा द्वारा किया गया।

# रेलमंत्री से दुरंतो रेलगाड़ी का नवलगढ़ में ठहराव हेतु मांग की

खबरों की दुनिया

**नवलगढ़।** संजीवनी सामाजिक कल्याण परिषद द्वारा रेलमंत्री से दुरंतो रेलगाड़ी का नवलगढ में ठहराव हेतु रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पत्र लिखकर निवेदन किया। ज्ञात रहे बंबई जाने वाली दुरंतो रेलगाड़ी सीकर जो करीब 30 किलोमीटर दूर है झुंझुनू जो करीब यहां से 40 किलो मीटर दूर है ठहरती है। नवलगढ़ क्षेत्र की आबादी करीब 2.5 लाख है यहां से प्रतिदिन सैकड़ो लोग बंबई आते जाते रहते है। यहां के यात्रियों को वहां पर जाने में अधिक खर्चा समय व दिक्कत होती है। समिति के अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह राठौड़ मेजर डीपी शर्मा सचिव डॉ अनिल कुमार कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर चोबदार तथा प्रशासन से संपर्क चेयरमेन एडवोकेट अश्विनी कुमार महर्षि द्वारा जनहित में रेलमंत्री से इस ओर ध्यान आकर्षित किया है।

# देवनारायण मंदिर पर सप्तमी पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भैंसरोडगढ़ गढ़ पंचायत के गांव आबां मे भगवान देवनारायण मंदिर पर सप्तमी पूर्णाहुति कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ। गुर्जर समाज पंचायत के पंच रामकरण गुर्जर मांगीलाल गुर्जर ने बताया कि सप्तमी की पूर्णाहुति के कार्यक्रम में दूर-दूर से भक्त कार्यक्रम में पहुचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, विशिष्ट अतिथि मंडल उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह हाड़ा, अंबालाल गुर्जर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री उमेश श्रोत्रिय ने की। इस मौके पर सभी अतिथियों का साफा बांधकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कुशाल बारेशा द्वारा गांव की समस्याओं को सुनते हुए आंबा खाल पर पुलिया निर्माण की घोषणा की।

कार्यक्रम अध्यक्ष उमेश श्रोत्रीय ने पुलिया निर्माण की घोषणा पर समस्त ग्रामवासियों की ओर से भैंसरोड़गढ़ प्रधान आरती बारेशा का आभार जताया। पूर्णाहुति कार्यक्रम में देवकरण गुर्जर, भोजराज गुर्जर, दौलत राम गुर्जर, मोजीराम गुर्जर, रामवल्लभ गुर्जर, हेमराज गुर्जर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

*लोकसभा आम चुनाव-2024 की आदर्श आचार संहिता लागू*

# आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

खबरों की दुनिया

**भरतपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान की तिथि घोषित करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने सभी विभागीय अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए निर्देश जारी किये हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भरतपुर संसदीय क्षेत्र में प्रदेश के प्रथम चरण 19 अप्रैल को मतदान की घोषणा की है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है जो कि निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी जिला भरतपुर एवं डीग को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों की पालना के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये हैं। उन्होंने आचार संहिता के लिए भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जाने वाली 24, 48 एवं 72 घंटे की पालना रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्रों में भरकर भिजवाने के निर्देश दिये हैं।


**24 घण्टे में की जाने वाली कार्यवाही-** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घण्टे के भीतर संबंधित अधिकारी राजकीय कार्यालयों में राजनीतिक व्यक्तियों के फोटो, तस्वीरों, पोस्टर, बैनरों को हटाया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसी राजकीय योजनाओं के अन्तर्गत पोस्टर, होर्डिंग्स, बैनर हटवाना सुनिश्चित करेंगे जिन पर किन्ही राजनैतिक व्यक्तियों, पदाधिकारियों के फोटो प्रदर्शित किए हुए है।

**48 व 72 घंटों में की जाने कार्यवाही :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि एमसीसी लागू होने के 48 घण्टे के भीतर सार्वजनिक परिसम्पत्तियों पर चस्पा पोस्टर, बैनर (जो सम्पत्ति विरूपण अधिनियम-2007 के प्रावधानों के विपरीत है) को हटवाया जाना, राजनीतिक दलों के पोस्टर हटवाया जाना है। उन्होंने बताया कि 72 घंटे के भीतर शहरी क्षेत्र में सम्पत्ति विरूपण अधिनियम-2007 के प्रावधानों के विपरीत निजी परिसम्पत्ति पर चस्पा पोस्टर, बैनर को हटवाया जाना, रिटर्निंग अधिकारी की बिना अनुमति ग्रामीण क्षेत्रों में लगे राजनैतिक पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स हटवाया जाना हैं। इसी प्रकार सम्पत्ति विरूपण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के विपरीत सार्वजनिक एवं निजी परिसम्पत्ति पर अंकित नारों को मिटवाया जाना है। सम्पत्ति विरूपण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के विपरीत सार्वजनिक एवं निजी परिसम्पत्ति पर अंकित नारों को मिटवाया जाना प्रभारी अधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

# डॉ. बी.एल मीणा को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर के पद पर लगाया

## –क्षेत्र वासियों ने दी बधाई

खबरों की दुनिया



**भुसावर।** राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई तबादला सूची में भुसावर ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उप निदेशक के पद पर कार्यरत डॉ. बाबूलाल मीणा उर्फ बीएल मीणा को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर के पद पर भेजा गया है। जिसके लिए सभी ने उन्हें बधाई दी। वहीं उनके कार्यकाल को लेकर सराहना भी की गई।

# जान जोखिम मे डालकर जांबाज पुलिसकर्मियों ने पचास हजार ईनामी कुख्यात बदमाश किया गिरफ्तार




खबरों की दुनिया

**नदबई।** पुलिस महानिदेशक राजस्थान के निर्देशन में 100 दिवसीय धरपकड़ अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा व रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशन में उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित थाना लखनपुर मे थानाधिकारी जीतेंद्र कुमार चौधरी, एएसआई श्रीलाल मीना एवं हैड कास्टेबल खेमचंद शर्मा मय जाब्ता के नेतृत्व मे टीम गठित कर पचास हजार ईनामी कुख्यात बदमाश सचिन उर्फ सच्चू पुत्र राजवीर सिंह जाति जाट उम्र 21 साल निवासी लुलहारा थाना लखनपुर को कुलदीप जघीना हत्याकांड मे मुकदमा नंबर 218/23 थाना हलैना को पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार वांछित आपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना लखनपुर ने कार्यवाही को दिया अंजाम। गांव शाहपुर के जंगल मे स्थित बांध की पाल से पुलिसकर्मियों ने जान जोखिम मे डालकर पचास हजार के ईनामी कुख्यात अपराधी को घेराबंधी कर किया गिरफ्तार। अपराधी अन्यत्र भागने की फिराक मे था।

पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाकर दौडकर जान की परवाह किये बिना कार्यवाही को दिया अंजाम नवनियुक्त थानाधिकारी जितेंद्र कुमार चौधरी थाना लखनपुर पर आते ही एक्शन मोड पर। आमजन मे विश्वास आपराधियों मे भय हो रही है चरितार्थ।

## खबरों की दुनिया एक नजर

## टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को होगा मतदान



### 4 जून को होगी मतगणना

खबरों की दुनिया

**टोंक।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा कर दी गई है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल-2024 को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी। चुनाव घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता भी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी(टोंक-सवाई माधोपुर 12) डॉ. सौम्या झा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के तहत टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में 28 मार्च को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का काम शुरू हो जाएगा। 4 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकाशन सामग्री यथा पोस्टर, पंपलेट आदि पर प्रकाशक और मुद्रक का नाम आवश्यक रूप से प्रकाशित करना होगा। ऐसा नहीं करने वाले प्रिंटिंग प्रेस मालिकों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127(क) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना जिला परिषद के पुराने भवन कलेक्ट्रेट के पीछे की गई है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नियंत्रण कक्ष के प्रभारी उपखंड अधिकारी पीपलू कपिल शर्मा एवं सहायक प्रभारी अधिकारी सहायक निदेशक कृषि (सांख्यिकी) सुगर सिंह मीणा को बनाया गया है। जिसके दूरभाष नंबर 01432-247401 है।

## जिले में धारा 144 लागू

खबरों की दुनिया

**टोंक।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने जिले में धारा 144 लागू कर दी है। आगामी आदेश तक जिले में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए निर्वाचन संबंधित गतिविधियां आयोजित प्रारंभ हो गई है। जिले में चुनाव शांतिपूर्वक, स्वतंत्र निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से कराया जाना आवश्यक है। साथ ही, टोंक जिले के सभी क्षेत्रों एवं सभी वर्गों के मतदाता बिना किसी आतंक व भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसको लेकर असामाजिक, अवांछित एवं बाधक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा कानून एवं लोक शांति बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय किया जाना नितांत आवश्यक है। ऐसे में उपखंड मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना जुलूस, सभा, धरना, रैली एवं भाषणों पर रोक रहेगी तथा ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा किसी भी तरह का सोशल मीडिया या इंटरनेट से धार्मिक, सामाजिक वैमनस्यता एवं उन्माद तथा जातिगत द्वेषता का दुष्प्रचार नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारे एवं चर्च आदि धार्मिक स्थानों पर चुनाव का प्रचार नहीं कर सकेगा।

# अकड़पन व धूर्तपन शिव को अर्पित करके आपस में खुशियां बाँटे : अर्पणा दीदी

## -टोडा में ब्रह्माकुमारीज की निकाली कलश यात्रा, शिव ज्ञान अमृत से मनोविकारों को छोड़ने का दिया संदेश

खबरों की दुनिया







**टोंक।** 'द्वार खड़े हे शिव भगवान, पाँच विकारों का दे दान', 'पतित पावन शिव भगवान, बना रहे हमको गुणवान' जैसे नारों से शनिवार को टोडारायसिंह का बाजार गूँज उठा, वहाँ सफेद वस्त्र धारणी माताएं व बहिने सिर पर ज्ञान का अमृत कलश के साथ शिव ध्वज लेकर निकली तो देखने वाला हर कोई भाव विभोर हो गया। शहरवासी तिलक लगाकर यात्रा पर खुशी से पुष्प वर्षा करने लगे। शनिवार को मौका था 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के तहत ब्रह्माकुमारीज़ राजयोग साधना केन्द्र टोडारायसिंह द्वारा कलश यात्रा का, जिसका शुभारंभ राजयोग साधना केन्द्र पर परमात्मा शिव की याद में शिवध्वज फहराकर किया गया तथा शिव का दिव्य संदेश देते हुए हर्षोल्लास के साथ यात्रा दादू दयाल आश्रम पहुंची।

समारोह में टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा ने कहा परमपिता परमात्मा शिव द्वारा दिए जा रहे हैं सत्य ज्ञान का नियमित रसपान करने से अर्थात जीवन में धारण करने से न सिर्फ हम मनोविकारों से मुक्त होते हैं बल्कि हम अपने आपको दिव्यगुणों और आंतरिक शक्तियों से भी भरपूर कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव को हम आँक, धतूरा, वैर आदि चढ़ाते हैं जिसको हम कभी स्वीकार नहीं करते। वास्तव में आँक, धतूरे का मतलब अकड़ और धूर्तपन से है जिन्हे परमात्मा शिव को अर्पित करना है, साथ ही आपसी वैरभाव को भूलकर सदा खुश रहना है और हर एक को खुशियां बाँटनी है।

कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश चोपड़ा, पंचायत समिति टोडारायसिंह से ग्राम विकास अधिकारी सत्यवीर सिंह, सहायक अभियंता बीके ओमप्रकाश देवनानी, अतिरिक्त विकास अधिकारी परसराम चौधरी, जलदाय विभाग टोडारायसिंह के सहायक अभियंता मालाराम चौधरी एवं कनिष्ठ सहायक संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में टोडारायसिंह सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार करके ईश्वरीय सौगात भेट की।

कार्यक्रम में टोंक से ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी, देवली से ब्रह्माकुमारी निर्मल दीदी, निवाई से ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी, सुनीता दीदी, बनेठा से अनीता दीदी, चोथ का बरवाड़ा से बीना दीदी, रानोली से शोभा दीदी आदि विभिन्न स्थानों से सेवा केंद्र से जुड़े भाई बहन व पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत के सरपंच, आधिकारी कर्मचारी, आसपास के सैकड़ो महिला-पुरुष मौजूद थे।



## साइबर ठगों की नई चाल, बिना ओटीपी शेयर किए खाते से उड़ाए रुपए

खबरों की दुनिया

**सोप।** साईबर ठगों ने आजकल फ्राड के ऐसे कई नए तरीके ढूंढ लिए हैं।मोटर्स पार्ट्स की दुकान चलाने वाले एक शख्स के साथ साइबर ठगी का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जिससे आम नागरिकों के साथ पुलिस की भी नींद उड़ा रखी है। पहले ठग एटीएम कार्ड का पासवर्ड यानी ओटीपी पूछकर धोखाधड़ी कर रहे थे। अब वे बिना ओटीपी पूछे, बिना एटीएम कार्ड का यूज किए बैंक अकाउंट से रुपये चुरा रहे हैं। ऑनलाइन स्कैम करने वालों ने पीड़ित के बैंक खाते से रुपये निकाल लिए। हैरानी की बात यह रही कि बिना किसी ओटीपी नंबर के शेयर किये बिना ठगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। ऐसा ही मामल सोप कस्बे में सामने आया है जहां खाता धारक के खाते से साईबर ठगो ने 22 हजार 8 सौ 50 रुपये बिना कोई ओटीपी शेयर किए उड़ा लिए। पीड़ित राजेश गौतम ने साईबर पोर्टल व 1930 पर कॉल करके इसकी शिकायत दर्ज कराई है। साईबर पुलिस पोर्टल पर ई मित्र के माध्यम से आवेदन करके राजेश गौतम ने बताया कि, मेरा इंडस्लेण्ड बैंक शाखा सवाई माधोपुर में खाता है। 14 मार्च की दोपहर के करीब 2 बजे के करीब अज्ञात साइबर ठग ने बिना कोई ओटीपी पूछे खाते से 22850 रुपये (बाईस हजार आठ सौ पचास रुपये) उड़ा लिए। मुझे इस बारे में उस समय पता जब मेरे मोबाइल पर मेसेज आया। और खाते से पूरी राशि कट गई। पीड़ित ने साइबर सेल पोर्टल और 1930 नम्बर पर कॉल कर साईबर पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई करने और ठग का पता लगाकर रकम वापस दिलाए जाने की मांग की है। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद टोक की साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है पीड़ित व्यक्ति सोप कस्बा निवासी राजेश गौतम है। ये कारनामा ऐसा है कि आप उसके बारे में जानकर चौंक जाएंगे। शातिरों ने बिना किसी ओटीपी नंबर के खाते से 22850 रुपये उड़ा लिये। शातिरों के इस कारनामे से पुलिस भी हैरान है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला। साइबर शातिरों ने बिना ओटीपी के पैसे गायब कर दिये हैं।आम तौर पर देखा जाता है कि साइबर ठगों को पैसे निकालने के लिए ओटीपी की जरूरत होती है। बैंक भी कहता है कि अपना ओटीपी शेयर नहीं करें।

## चोरी की मोटरसाईकिल को खरीदना पड़ा महंगा, पुलिस ने पकड़ा

खबरों की दुनिया



**टोंक।** पुलिस थाना कोतवाली क्षैत्र में चोरी की मोटरसाईकिल खरीदने वाला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक सरिता सिंह, वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में हैड कांनि. कजोड़, खुशीराम, कांनि. ओमप्रकाश, कमलेश, महिला कांनि. राजबाला, राजन्ती द्वारा मोटर साईकिल चोरी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के 13 मार्च को चोरी की मोटरसाईकिल खरीदने वाले आरोपी जोहेब उर्फ भुरा उर्फ बन्दर पुत्र रशीद(20) साल निवासी गेन्दी की चौकी कसाईयों का मौहल्ला कालीपलटन टोंक हाल सड़वा मोड़ जयपुर थाना गलता गेट जयपुर एवं अब्दुल कादिर उर्फ मोहित पुत्र मो. सलीम अन्सारी(24) साल निवासी दीवानजी का कुआ कालीपलटन टोंक हाल किरायेदार हाउसिंग बोर्ड सेक्टर नं. 3 थाना पुरानी टोंक को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की है। कोतवाली थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि 12 मार्च पीड़ित राकेश कुमार पुत्र मोतीलाल कोली निवासी कुम्हारों की चौकी नोशे मियाँ का पुल टोंक ने उपस्थित होकर थाने में दर्ज कराया कि 2 फरवरी को रात्रि 8 बजे अपनी मोटरसाईकल को लेकर धन्ना तलाई खड़ी कर खाना खाने चला गया, आधे घण्टे बाद वापस आया तो मोटरसाईकिल नही मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच हैड कांनिस्टेबल कजोड़मल के जिम्मे की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोटरसाईकिल दूर खड़ी करके पैदल भीड़-भाड़ वाले इलाके में आकर रैकी करते थे एवं मोटरसाईकिल का लॉक खुला छोड़कर जाने वाले या लम्बे समय तक वाहन स्वामी के नही आने पर वारदात को अन्जाम देते थे।

## निरंकारी मंडल देवली का महिला संत समागम आज

खबरों की दुनिया

**देवली।** निरंकारी मण्डल देवली ब्रांच द्वारा महिला संत समागम कार्यक्रम का आयोजन आज प्रातः 10 से 1 बजे तक आयोजित होगा। देवली ब्रांच के इंचार्ज एडवोकेट शेरू सिंह प्रतिहार ने बताया कि महिला संत समागम का आयोजन निरंकारी सत्संग भवन मोरला चौराहे पर होगा, जिसमें कोटा से पधारे पूज्य बहन सुमित्रा रावल द्वारा प्रवचन दिए जाएंगे। इस महिला संत समागम में देवली सहित आसपास की ब्रांचों की बहनें हिस्सा लेकर अपनी आध्यात्मिक कविताएं, गीत, भजन, कथा तथ स्किल द्वारा सतगुरु को रिझाने का प्रयास करेंगी। संत समागम के पश्चात सामूहिक लंगर का आयोजन भी होगा।

## सतवाडा विद्यालय में बाल अधिकार संरक्षण संगोष्ठी के साथ ही बाल पंचायत आयोजित

खबरों की दुनिया



**देवली।** मीनेश सेवा संस्थान कुरासिया द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सतवाड़ा (राजमहल) में बाल अधिकार संरक्षण पर संगोष्ठी एवं बाल पंचायत का आयोजन कर समाज में जागरूकता का संदेश दिया।

मीनेश सेवा संस्थान के निदेशक डॉ. नरेश कुमार मीणा ने बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, मूलभूत आवश्यकताओं की ज़रूरतों पर जोर देते हुए बाल अधिकार-जीवन जीने का अविकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार पर विस्तृत चर्चा करते हुए बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल मिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल शोषण एवं दुर्व्यवार रोकने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य सत्येन्द्र जोशी ने बच्चों को पौष्टिक आहार उपब्ध कराने मिड डे मील, टीकाकरण के माध्यम से उनके स्वास्थ्य पोषण ओर शारीरिक व मानसिक विकास करने पर बल देते हुए ड्राप आउट बच्चों से नियमित विद्यालय आने की अपील की। इस अवसर पर बाल पंचायत का गठन कर रितु चोधरी को अध्यक्ष, आशाराम बैरवा को उपाध्यक्ष, खुशबू जागिड़ को सचिव नियुक्त गयी। बाल पंचायत में व्याख्याला राजेश मीणा, सत्यनारायण सोयल, अरुण माहेश्वरी, संगीता जोशी, महेश धोबी, तुलसीराम सोयल, बद्रीलाल वर्मा, कमलेश वैष्णव, शिवदयाल गुर्जर, छीतरलाल मीणा, हेमराज रेगर सहित अध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं मौजूद रही।

## भजनों की प्रस्तुति एवं फागोत्सव का आयोजन आज

खबरों की दुनिया

**देवली।** शहर के एजेंसी एरिया में स्थित भंवरथला हाउस में आज दिन में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगीए वहीं फागोत्सव का आयोजन भी होगा।

शिवप्रताप सिंह ने बताया कि परम श्रद्धेय गोवत्स योगेश पाराशर के मुखारविंद से दोपहर 12 बजे से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, तत्पश्चात राधारानी व कान्हा के साथ फागोत्सव खेला जाएगा। इसके बाद ठाकुरजी के भोग लगाकर सामूहिक प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी होगा।

## परंपरा के नाम पर बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर रोक लगाना जरूरी : प्रिंसिपल हंसराज मीणा



खबरों की दुनिया

**देवली।** राउमावि सांवतगढ़ के प्रिंसिपल हंसराज मीणा ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाते हुए कहा कि परंपराओं के नाम पर नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाना जरूरी है। नशामुक्ति अभियान के संचालक प्रिंसिपल हंसराज मीणा ने विद्यालय के विद्यार्थियों से कहा कि नशा करने से व्यक्ति का शरीर के साथ-साथ जीवन भी बर्बाद हो जाता है। एक एक तरफ आर्थिक रूप से कमजोर होता है वहीं नशे से शारीरिक रूप से भी कमजोर होता चला जाता है।

समाज में बढ़ते अपराध एवं दुर्घटनाओं के पीछे भी मुख्य कारण नशा ही है। नशे में व्यक्ति का विवेक समाप्त हो जाता है और वह यातायात नियमों की अवहेलना करते हुए दुर्घटना को अंजाम दे देता है या फिर किसी तरह का अपराध कर लेता है, जिससे उसके साथ.साथ ही परिवार भी बर्बाद हो जाता है।

इसी के साथ प्रिंसिपल हंसराज ने कहा कि गांव में मनाया जाने वाला गांव बाहर कार्यक्रम भी अब पूर्ण रूप से बियर या दारू बार के रूप में प्रचलित होता जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि नशे की प्रवृत्ति से दूर रहते हुए नशे में खर्च होने वाले पैसे को शिक्षा में खर्च करें ताकि आपका जीवन सुखमय व्यतीत हो सके। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल कृष्णगोपाल वर्मा, मनीष वैष्णव, रामावतार वैष्णव, सरिता वर्मा, बीना मीणा, मुकेश शर्मा, जयसिंह मीणा, राजेंद्र मीणा, शमीना बानो सहित उपस्थित सभी को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई। इसी प्रकार राउमावि बीजवाड़ में नोबेग डे के उपलक्ष पर सुगन चन्द कुमावत अध्यापक ने छात्रों को नशामुक्ति का संकल्प दिलवाते हुए कहा कि नशा विनाश की जड़ है।

नशे की हालत में व्यक्ति सोचने समझने की शक्ति खो देता है तथा अपराध के दल-दल में उतर कर घर व परिवार को बर्बाद कर देता है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार टेलर, अध्यापक अनिता मीणा, पंचायत सहायक राम कुंवार मीणा, शिवपाल मीणा सहित उपस्थित सभी को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

## यौन उत्पीडन से बचाव हेतु गुड टच-बेड टच के साथ सुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी

खबरों की दुनिया




**देवली।** शिव पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय सरोली में यौन उत्पीड़न से बचाव हेतु विद्यार्थियों को गुड टच व बेड टच के साथ सुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी गई। राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर दूनी की डिजिटल शिक्षिका ललिता पारीक ने बालिकाओं व बालको से कहा कि आपको दूसरे व्यक्ति के स्पर्श पर एहसास होना चाहिए कि उसकी नियत कैसी है।

शिव शिक्षा समिति के निदेशक शिवजी राम चौधरी ने कहा कि आज के इस दौर में बच्चों के खिलाफ हिंसा एवं यौन उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण जानकारी का अभाव है। माता-पिताए शिक्षकों सहित घर के बड़े बुजुर्गों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को गुड टच व बेड टच के बारे में जागरूक करें। प्रधानाचार्य वीरेंद्रसिंह नरूकाए प्रबंधक पवन माहेश्वरी ने बताया कि सेशन में 2052 बालक-बालिकाओं सहित शिक्षकों ने गुड टच बेड टच की समझ विकसित की। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि बच्चे जानकारी के अभाव या अज्ञानता के चलते आसानी से यौन उत्पीड़न का शिकार हो जाते हैं, वर्तमान दौर में अंजान लोगों या रिश्तेदारों द्वारा किस तरह से छुआ जाना अच्छा हैए किस तरह से छुआ जाना बुरा है। प्रबंधक पवन माहेश्वरी ने बताया कि ये हर बच्चे के लिए सीखना जरूरी है, गुड टच और बैड टच। डिजिटल शिक्षिका ललिता पारीक ने सेशन में एक बालिका के माध्यम से प्रेक्टिकल करते हुए समझ विकसित की। सेशन का समापन डिजिटल शिक्षिका ललिता पारीक को दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। पारीक स्पर्श अभियान के 6 सेशन लेकर 2500 विद्यार्थीयों को जागरूक कर चुकी हैं। इस अवसर पर रमेश शेर, भंवर गुर्जर, गोविंद शर्मा, शकुंतला जैन, अनिल शर्मा, शंकर बराला आदि स्टाफ साथी उपस्थित रहे।

खबरों की दुनिया

एक नजर

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

➡ डीएलबी निदेशक सुरेश कुमार ओला के प्रयासों ने खत्म करवाई हड़ताल

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर दी।

राज्य सरकार से शनिवार को हुई वार्ता में 5 बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद शनिवार शाम काम पर लौट गये।

नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर डीएलबी डायरेक्टर सुरेश कुमार ओला की मौजूदगी में नगर निगम अधिकारियों और सफाई कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

इसमें पांच अहम बिंदु संगठन की तरफ से रखे गए। जिन पांच बिंदुओं पर सहमति बनी, उसमें वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देना है। इसी तरह जिन अभ्यर्थियों के मामले कोर्ट में विचाराधीन है, उन पर सहानुभूतिपूर्वक नीतिगत निर्णय लेने के लिए सरकार को पत्र लिखा जाएगा।

इसके अलावा चुनाव आचार संहिता की आड़ में सफाई कर्मचारियों की भर्ती नहीं रोकने पर सहमति बनी है।

### बहिष्कार के कारण जयपुर में सफाई व्यवस्था की बिगड़ गई थी तस्वीर

कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण जयपुर में सफाई व्यवस्था बिगड़ गई। राजधानी की सड़कों पर न तो सफाई हुई और न ही हूपर से घर-घर कचरा संग्रहण हुआ। इस कारण राजधानी में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। मुख्य बाजारों की सड़कों पर कचरा ही कचरा नजर आया।

सरकार ने कहा है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, ऐसे में आचार संहिता का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

जिन अभ्यर्थियों ने नगर निगम या निकायों के अधिकारियों से अपने अनुभव प्रमाणित करवाए हैं, उनको बिना लॉटरी में शामिल किए प्रैक्टिकल में शामिल किया जाए। इस पर सरकार ने कहा कि हम भर्ती में वाल्मीकि/हैला समाज के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देंगे। इसके अलावा हड़ताल करने वाले किसी भी कर्मचारी पर नगर निगम की ओर से कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की जाएगी।

## लोकतंत्र के इस पर्व मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें अपील कीः राज्यवर्धन राठौड़

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** उद्योग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व लोक सभा चुनाव-2024 की घोषणा किए जाने का हार्दिक स्वागत किया। सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की।



कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व में जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाने हेतु संकल्पित है।



## आचार संहिता लगने से पहले भजनलाल सरकार ने की विभिन्न राजनीतिक नियुक्तियां

**जयपुर ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आचार संहिता लगने से पहले भजनलाल सरकार ने राजनीतिक नियुक्तियां की है । ओमप्रकाश भड़ाना को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है । वहीं राजेंद्र नायक को राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी गई है । इसी तरह प्रहलाद टांक को श्रीयादे माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है । वहीं सी आर चौधरी को राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी है । प्रेम सिंह बाजौर को राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति का अध्यक्ष बनाया गया है । जसवंत विश्नोई को राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है ।

## आगामी ग्रीष्मकल में पेयजल संवर्धन कार्य के लिए सभी संभाग एवं जिलों में किए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग ने आगामी ग्रीष्म काल में पेयजल संवर्धन कार्य के लिए सभी संभाग और जिलों के लिए प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की है। ये अधिकारी पेयजल संवर्धन कार्य का सघन निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करेगें इसके लिए 31 मार्च 2024 से पहले ये अधिकारी आवंटित क्षेत्र का पहला दौरा करेगें तथा इसके बाद प्रत्येक माह दौरा किया जाना सुनिश्चित करेंगें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि प्रभारी अधिकारी जिला या संभाग से संबंधित प्रकरणों का मुख्यालय पर संबंधित अधिकारियों के ध्यान में लाकर निस्तारित करवाया जाना सुनिश्चित करेंगें।

# 'उमंग' के समापन समारोह में हुई विभिन्न नृत्य प्रतियोगिताएं













खबरों की दुनिया

**टोंक।** सैन्ट सोल्जर महिला बी.एस.सी. बी.एड महाविद्यालय में चल रहे सह-शैक्षिक गतिविधि सप्ताह 'उमंग' के समापन दिवस पर महाविद्यालय में एकल नृत्य, युगल नृत्य एवं सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा राजस्थान की विभिन्न संस्कृति की झलक दिखाई गई।

संस्था समन्वयक डॉ. शिव सिंह राजावत ने प्रतियोगिता परिणामों की घोषणा की और बताया कि एकल नृत्य में स्वाति कुम्हार प्रथम, भाविका खत्री व कशिष गुर्जर द्वितीय तथा वंदना मीना व रेखा चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युगल नृत्य में मुस्कान-सृष्टि ने प्रथम, रानी-कनिका ने द्वितीय तथा कशिश - निकिता व सोनम - चन्द्रशिखा नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सामुहिक नृत्य में बेचारे ग्रुप प्रथम, डबल ट्रायो तथा स्वेग मास्टर ग्रुप नें द्वितीय स्थान व फेब - 5 ग्रुप तथा बृजवासी ग्रुप नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इस कार्यक्रम के प्रभारी नंदनी टाक व स्वाति शर्मा रहे, तथा निर्णायक मण्डल में डॉ. शिव सिंह राजावत, घनश्याम बैरवा, दिवाकर कुमावत रहे। इन प्रतियोगिताओं का मंच संचालन छात्रा कामना मीना एवं निकिता यादव ने किया।

इस कार्यक्रम में व्याख्यातागण नंदनी टाक, स्वाति शर्मा, सुरभि माथुर, महेष शर्मा, जावेद खान, अमित रणवाल, हरिशंकर शर्मा, राजेश कुमार पटवा, संदीप वधावन एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## शाहपुरा में खुदाई में मिले हेंड ग्रेनेड बम, पुलिस ने लिया कब्जे में



खबरों की दुनिया

**शाहपुरा।** शाहपुरा से आसींद रोड़ पर नगर परिषद की ओर से चल रहे मनरेगा कार्य की खुदाई में तीन हेंड ग्रेनेड बम मिलने से एक बारगी तो हड़कंप मच गया। बाद में तीनों बमों को पुलिस के अपने कब्जे में लेने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा ने बताया कि नगर परिषद की सूचना पर वो मौके पर पहुंची। आसींद रोड़ के पास मोडा की नाडी में शहरी मनरेगा योजना में महिलाएं खुदाई कर रही थी। एक महिला के खुदाई के दौरान लोहे की वस्तु दिखने पर उसे निकाला तो प्लास्टिक के कट्टे में तीन गेंद मिली। पुलिस ने इनको कजे में ले लिया है। अब इनकी जांच करायी जा रही है।

इससे पूर्व शाहपुरा नगर परिषद क्षेत्र में शनिवार को तीन ग्रेनेड बम मिलने से फैली सनसनी फैल गयी। नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों के मौके पर पहुंचने व किसी भी प्रकार की घटना न होने से लोगों ने राहत की सांस ली। नगर परिषद की ओर से आसींद रोड पर मोडा की नाड़ी में चल रहे शहरी मनरेगा कार्य के दौरान ये बम मिले।

## राउमावि कृष्णापुरी में विधायक गोपाल शर्मा ने छात्रों को बांटीं साईकिल

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को कृष्णापुरी में विधायक गोपाल शर्मा ने छात्रों को साइकिलों का वितरण किया। इस दौरान प्रिंसिपल मंजू मान ने स्कूल परिसर में जगह की कमी और कमरों के अभाव के लिए विधायक शर्मा का ध्यान आकृष्ट किया और कम से कम तीन के कमरों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक गोपाल शर्मा ने प्रिंसिपल की मांगों पर सहमति जताते हुए स्कूल के विकास कार्यों के लिए विद्यालय प्रबंधन को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।



## बीजेपी का इलेक्टोरल बॉन्ड देश का सबसे बड़ा घोटाला हैः अशोक गहलोत

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा सार्वजनिक होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बीजेपी पर जमकर बरसे। उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा सार्वजनिक होने के बाद बीजेपी की ओर से मचाई गई लूट देश के लोगों के सामने आ गई है। उन्होंने आगे कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी से तो, ऐसा लगता है कि ईडी भाजपा का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट बनकर रह गई है। गहलोत इलेक्टोरल बांड को लेकर पिछले काफी समय से बीजेपी पर हमला करते हुए नजर आ रहे हैं।

**ईडी भाजपा का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट बनकर रह गई**

पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा सार्वजनिक होने के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा मचाई गई लूट देश के सामने आ गई है। इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी से तो ऐसा लगता है कि ईडी भाजपा का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट बनकर रह गई है।

# घूमो-जयपुर अभियान के तहत महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर शनिवार को अल सुबह घूमो जयपुर अभियान के तहत अल्बर्ट हॉल पहुंची। उन्होंने वहां उपस्थित आमजन सामाजिक संगठनों एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों के साथ हाथ में झाड़ू थाम कर आसपास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है इसलिए इसमें हर नागरिक की भागीदारी होनी चाहिए उन्होंने आमजन से अपील की स्वच्छता की जिम्मेदारी हर नागरिक की है चाहे वह घर के बाहर हो या अन्य कहीं भी जगह जहां भी जाते हैं वहां 20 कदम अवश्य सफाई करें।

### स्वच्छता अभियान में बच्चों में दिखा काफी उत्साह

महापौर ने आमजन को भी नीले व हरे रंग के डस्टबिन वितरित किए अल्बर्ट हॉल पर हुए इस कार्यक्रम में विकास समितियो, सामाजिक संगठनों एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों ने भी भाग लिया जिसमें उन्होंने महापौर को अल्बर्ट हॉल का नाम राम दरबार, राम हाल ,पृथ्वीराज कच्छावा आदि के नाम पर अल्बर्ट हॉल का नाम रखना के सुझाव दिए जिस पर महापौर ने उन सुझावों पर विचार कर आगे कार्रवाई करने का आश्वासन दिया कार्यक्रम में अध्यक्ष, पार्षद विकास समितियो,सामाजिक संगठनों , एवं बड़ी संख्या में आम जन भाग लिया।



इसके साथ ही उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को भी स्वच्छता का पाठ पढ़ाया उन्होंने गीले ,सुखे कचरे के पृथक्करण के बारे में नीले व हरे डस्टबिन के माध्यम से एक्टिविटी करवाई और बच्चों को नीले व हरे रंग के डस्टबिन के माध्यम से गीले व सुखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने की सीख दी।

## मतदान की अधिसूचना जारी...

# जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को होगा मतदान



### 44 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग-20 मार्च को जारी होगी अधिसूचना, 4 जून को होगी मतगणना

खबरों की दुनिया

**जयपुर ।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिसके तहत जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा एवं 04 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी। 27 मार्च 2024 तक नाम निर्देशन पत्र जमा कराए जा सकेंगे। 28 मार्च 2024 को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा होगी वहीं, 30 मार्च 2024 तक नाम निर्देशन पत्र वापस लिये जा सकेंगे।

### जयपुर लोकसभा क्षेत्र में 22 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मतदान

उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा क्षेत्र में 1 हजार 842 मतदान केन्द्रों एवं 214 सहायक मतदान केन्द्रों पर 22 लाख 60 हजार 558 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 11 लाख 77 हजार 705 पुरुष, 10 लाख 82 हजार 778 महिला मतदाता के साथ-साथ 75 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं।

### जयपुर ग्रामीण में 21 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में 2 हजार 8 मतदान केन्द्रों एवं 105 सहायक मतदान केन्द्रों पर 21 लाख 73 हजार 554 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 11 लाख 39 हजार 951 पुरुष, 10 लाख 33 हजार 595 महिला मतदाता के साथ-साथ 8 थर्ड जेंडर मतदाता भी शामिल हैं।

## आरएलपी प्रत्याशी रहे उम्मेदाराम और रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी जस्साराम चौधरी कांग्रेस में शामिल



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** बाड़मेर के बायतू से विधानसभा चुनाव में आरएलपी के प्रत्याशी रहे तथा बाड़मेर जिला परिषद् के सदस्य उम्मेदाराम बेनीवाल एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी नागौर निवासी व समाजसेवी जस्साराम चौधरी ने अपने समर्थकों सहित राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक हरीश चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष हेमाराम चौधरी ने उम्मेदाराम बेनीवाल एवं जस्साराम चौधरी को कांग्रेस का दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजस्थान एवं कांग्रेस आलाकमान ने बायतू से दो बार आरएलपी के प्रत्याशी रहे उम्मेदाराम बेनीवाल तथा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जस्साराम चौधरी को शामिल करने के राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को स्वीकार किया है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। सम्पादक : बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 प्रधान कार्यालयः मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123